दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
रायपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2020, आश्विन शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-247 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

अन्तागढ़ का एपीसोड रिपीट हो सकता है मरवाही में, वह दबे छुपे था ये सरेआम होगा, अमित के लिए वकालत का हुनर दिखाने का समय शुरू होता है अब...

यशवंत धोटे

रायपुर। अमित जोगी चुनाव लड़ पाऐंगे या नहीं ये तो मरवाही उपचुनाव के नामांकनों की जांच के दिन पता चलेगा लेकिन अमित को अपनी वकालत का हुनर दिखाने का इससे अच्छा अवसर शायद ही मिले। फिर भी उनका हुनर दिखाने का समय शुरू होता है अब...। दरअसल अमित जोगी के सामने खड़े इस संकट को समझने के लिए हम अपने पाठकों को थोड़ा अतीत में लेकर चलते हैं। जून 2014 में अन्तागढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे मौजूदा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस आलाकमान से हुई रायशुमारी के बाद मन्तूराम पवार को प्रत्याशी घोषित किया। लेकिन सत्ता के सरंक्षण में हुए दबे छुपे इस राजनीतिक खेल में ऐन वक्त पर पवार ने नाम वापस ले लिया। नए राज्य के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि किसी उपचुनाव में कांग्रेस का प्रत्याशी ही नहीं था। इस चुनाव में भाजपा के भोजराज नाग निर्दलीय रूपधर पुड़ो से 51 हजार वोट से चुनाव जीत गए। लेकिन इस खेल का पर्दाफाश दो साल बाद हुआ। जिसके मुताबिक कांग्रेस में रहते हुए अमित जोगी ने भाजपा की सत्ता के साथ मिलकर इसलिए मन्तूराम पवार को बिठाया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे भूपेश बघेल को आलाकमान के सामने नीचा दिखाया जा सके। जो भी इस कांड के नायक, खलनायक रहे सबकी आडियो रिकार्डिंग वायरल हुई। ये

मामला भी न्यायालय में तारीख पे तारीख के गोते खा रहा है। और अमित की वकालत का हुनर इसमें भी काम कर रहा है।

बहरहाल इस प्रकरण के बाद कांग्रेस में जोगी परिवार के राजनीतिक क्षरण की शुरूआत हुई। जनता कांग्रेस जोगी नाम से नई पार्टी बनी। 2018 के चुनावों में परिवार के दो लोग चुनाव जीते और दो साल बाद आज मरवाही में फिर इसलिए उपचुनाव हो रहे हैं कि अजीत जोगी के निधन से सीट खाली हुई है। अब अमित जोगी बार-बार यह आरोप लगा रहे हैं कि सरकार उन्हें चुनाव लड़ने से रोक रही है। दरअसल सत्ता के चरित्र को अमित जोगी से बेहतर कौन जान सकता है? उन्हे ऐसा क्यों लग रहा है कि अपनी वकालत का हुनर दिखाने के बावजूद वे चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। क्योंकि परोक्ष-अपरोक्ष रूप से उनका सामना ऐसे लोगों से है जो जोगी की सत्ता चरित्र के भुक्तभोगी रहे हैं इसलिए अन्तागढ़ का खेल दबे छुपे था और ये खेल सरे आम डंके की चोट पे हो रहा है। विरासत में मिली तीन साल सरकार चला चुके जोगी ने कांग्रेस को उस मुकाम पर लाकर खड़ा किया था कि कांग्रेस की पहली निर्वाचित सरकार बनने के लिए 15 साल लगे। अब आते हैं अमित या अजीत जोगी के जाति प्रमाण पत्र के एपीसोड पर। सरकारी दस्तावेजों, न्यायालयीन निर्देशों और सत्ता सरंक्षण के मकड़जाल में उलझे इस जाति प्रकरण को लेकर सामाजिक न्याय के पैरोकार मानते हैं कि जोगी परिवार लम्बे समय से असल आदिवासी का हक छीन रहा है। अजीत जोगी का जाति प्रमाण पत्र राज्य स्तरीय छानबीन समिति निरस्त कर चुकी है और मामला सुप्रीम कोर्ट में लम्बित है। जन्म स्थान से लेकर जाति के विवाद तक में उलझे अमित का मामला अभी निपटा भी नहीं था कि उनकी पत्नी ऋचा जोगी के लिए भी जाति प्रमाण पत्र बना लिया गया हालांकि उस प्रमाण पत्र को भी जिला स्तरीय छानबीन समिति ने निलम्बित कर दिया है। लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि क्या अमित अपने पिता की सीट पर चुनाव लड़ पाएंगे या नहीं ? इससे भी महत्वपूर्ण प्रश्न यह है जोगी की जाति के जाल में पिछले 20 साल से उलझी कांग्रेस सत्ता में आने के बावजूद यह क्यों नहीं सुनिश्चित कर पाई कि जाति के मसले का पटाक्षेप किया जाय। यदि अमित का नामांकन रद्द हुआ तो न्यायालयीन पेंच में फंस सकता है मरवाही का उपचुनाव।

मरवाही उपचुनाव : आखरी दिन मरवाही में जुटे सारे दिग्गज

अमित, ऋचा और रेणु से कलेक्टोरेट में हुआ सीएम का आमना-सामना

■ अमित-ऋचा ने भरा नामांकन, कांग्रेस प्रत्याशी ध्रुव भी पहुंचे रैली लेकर

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। मरवाही उपचुनाव में परचम लहराने के लिए सियासी गहमागहमी तेज हो गई है। शुक्रवार 16 अक्टूबर को नामांकन भरने के लिए जोगी परिवार और प्रदेश कांग्रेस के सीनियर लीडर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पहुंचे। कांग्रेस की रैली के पहले से ही छजकां विधायक रेणु जोगी भी अपने पुत्र अमित जोगी और बहू ऋचा जोगी के साथ पहुंची थीं। अमित और ऋचा ने जाति विवाह मामले के बीच ही उपचुनाव के लिए छजकां से दावेदारी करते हुए नामांकन दाखिल किया। इसी दौरान कांग्रेस प्रत्याशी केके.ध्रुव को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत सभी कांग्रेस लीडर भी पहुंचे। जोगी परिवार और सीएम का सामना होते ही ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जिसके पास प्रमाण पत्र, उसे चुनाव लड़ने से रोका नहीं जा सकता : सीएम भूपेश

नामांकन कक्ष से बाहर आते ही मीडिया से मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मरवाही उपचुनाव के लिए हम किसी को लड़ने से नहीं रोक सकते। उन्हों ने साफ शब्दों में कहा कि जिसके पास सर्टिफिकेट होगा उसे भला कोई चुनाव लड़ने से कौन रोक सकता है। सीएम ने सवाल के जवाब में कहा कि 50 से अधिक कांग्रेस के सांसद, मंत्रियों, विधायकों और संगठन के पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है तो जवाब में उन्हों ने कहा हर बार उपचुनाव में हर सियासी पार्टी अपने लोगों को चुनाव की जिम्मेदारी सौंपती है। इस बार भी उपचुनाव में अगर कांग्रेस ने विधायकों की ड्यूटी लगाई है तो यह कोई नई बात नहीं है। उन्हों ने जीत के प्रति आश्वस्त होते हुए कहा मरवाही में लोगों की जिला बनाने की मांग पूरी हुई है। कई विकास कार्यों व ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नामांकन रैली में कांग्रेस ने दिखाई एकजुटता

मुख्यमंत्री श्री बघेल शुक्रवार को मरवाही में नामांकन रैली में शिरकत होने रवाना हुए। उनके साथ गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम भी थे। रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा में विधायकों की ड्यूटी लगाई जाने पर उन्होंने कहा कि पहले उपचुनावों में इस तरह विधायकों की ड्यूटी लगाई जाती रही है। यह कोई नई बात नहीं है। मरवाही में लोगों की जिला बनाने की मांग पूरी हुई है। कई विकास के कार्य हुए हैं, हम जरूर जीतेंगे। मुख्यमंत्री ने अमित जोगी के आरोपों पर कहा कि किसी को रोकने और छूट देने का सवाल ही नहीं है। यह देखना निर्वाचन आयोग का काम है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अंतिम दिन अमित-ऋचा ने भी ताल ठोंकी

■ मां का पैर छुआ और पिता की समाधि पर किया पुष्पांजलि अर्पित

नव प्रदेश संवादाता

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही। मरवाही उप चुनाव नामांकन के अंतिम दिन स्व.अजीत जोगी के पुत्र व उनकी पुत्रवधु ने मरवाही के चुनावी दंगल में अपनी ताल ठोंक दी है। यह अलग बात है कि नामांकन वापसी के बाद मैदान में पुत्र रहता या पुत्रवधु। बहरहाल अमित जोगी और उनकी पत्नी ऋचा जोगी ने मरवाही उप चुनाव के लिये अपना नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन दाखिले के समय डा रेणु जोगी भी उनके साथ थी। मरवाही उपचुनाव में नामांकन के अंतिम दिन नया मोड़ आ गया है। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जेसीसीजे) के अध्यक्ष अमित जोगी ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया। उनके साथ पत्नी ऋचा जोगी ने भी पर्चा भरा है। खास बात यह है कि एक दिन पहले ही ऋचा जोगी के जाति प्रमाणपत्र को निरस्त करने की खबरें सामने आई थीं।

जेसीसीजे अध्यक्ष अमित जोगी तय समय के अनुसार दोपहर करीब 1 बजे अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की समाधि पर पहुंचे और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद पत्नी ऋचा जोगी और मां व कोटा विधायक डॉ. रेणु जोगी के साथ नामांकन पत्र जमा करने के लिए निर्वाचन कार्यालय पहुंचे। यहां पर पति-पत्नी दोनों ने ही अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। ऋचा जोगी के जाति प्रमाणपत्र को निलंबित किए जाने को लेकर अमित जोगी ने कहा, जानबूझकर आंख-मिचौली खेली जा रही है। मुंगेली जिला जाति सत्यापन समिति ने उनकी पत्नी ऋचा जोगी का प्रमाणपत्र निलंबित कर दिया है। ऐसे किसी आदेश की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अमित का ट्वीट, सीएम खुद ही से अकेले कुश्ती लड़ रहे

वहीं जेसीसीजे अध्यक्ष अमित जोगी ने ट्विटर और फेसबुक के जरिए जाति प्रमाणपत्र मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, भूपेश बघेल जी, ये पब्लिक है, ये सब जानती है। आप खुद ही से अकेले कुश्ती लड़ते रहेंगे तो कोई नहीं जीतेगा। सब आप पर हंसेंगे और मुझे बिल्कुल अच्छा नहीं लगेगा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री हंसी के पात्र बन जाएं।



आज बेबाक

अजब महाराष्ट्र सरकार की गजब कहानी है। कोरोना काल में उसने मदिरालय तो खोल दिए लेकिन मंदिर के बंद द्वार भक्तों के लिए खोलने में उसे दिक्कत है। देश के कई राज्यों में मंदिर खुल चुके हैं और भक्त सोशल डिस्टेंसिंग करते हुए पूजा अर्चना कर रहे हैं। फिर मंदिर खोलने से सिर्फ महाराष्ट्र में ही यह महामारी कैसे फैल सकती है? कैसी विडंबना है कि महाराष्ट्र में लोग शराब दुकानों पर मेला लगा सकते हैं। मॉल, बार और सिनेमा हाल में जा सकते हैं लेकिन मंदिर नहीं जा सकते। लगता है कोरोना फैलाते मंदिर मस्जिद, कोरोना वायरस भगाती मधुशाला।

जगदलपुर में पढ़ी छात्रा बनी गूगल में डायरेक्टर

जगदलपुर (नव प्रदेश)। जगदलपुर में लगभग 27 साल पहले निर्मल विद्यालय में 1993-94 में कक्षा नवमीं में पढ़ने वाली छात्रा शुभा अब अमेरिका के गूगल मुख्यालय केलिफोर्निया में डायरेक्टर के रूप में काम करेगी। गूगल में डायरेक्टर बनने वाली सबसे कम उम्र की महिला है। जो गूगल के सीईओ सुंदर पिचई के कार्यालय में उनकी टीम के साथ नई परियोजना की शाखा में कार्यरत है। निर्मल विद्यालय में एक साल पढ़ने के बाद वह बेंगलुरू चली गई और माऊंट कार्मल कॉलेज में वोजुएशन करने के बाद मास कम्युनिकेशन में पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए आस्ट्रेलिया चली गई। जहां क्वीनसलैंड के एक विश्वविद्यालय में पढ़ाई के बाद अमेरिका चली गई।

मोदी ने आठ फसलों की 17 जैव-संवर्धित किस्मों को किया राष्ट्र को समर्पित

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र के कृषि एवं खाद्य संगठन (एफएओ) की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 75 रुपए का स्मारक सिक्का जारी करने के साथ आठ फसलों की 17 जैव-संवर्धित किस्में भी राष्ट्र को समर्पित किया। ये किस्में पोषण के मामले में सामान्य फसलों की तुलना में डेढ़ से तीन गुना अधिक हैं। चावल की किस्म सीआर धान 315 जस्ता की अधिकता वाली है। गेहूं की एचडी 3298 किस्म , डीबीडब्ल्यू 303 और डीडीडब्ल्यू 48 प्रोटीन और लौह से समृद्ध है । मक्का की हाइब्रिड किस्म एक, दो और तीन लाइसिन और ट्राइप्टोफैन से, बाजरे की सीएफएमवी एक और दो फिंगर किस्म कैल्शियम, लोहा और जस्ता से भरपूर है । छोटे बाजरे की सीसीएलएमवी एक किस्म लौह और जस्ते से भरपूर है । पूसा सरसों 32 कम एरियूसिक एसिड से जबकि मूंगफली की गिरनार चार और पांच किस्म बढ़े हुए ओलिक एसिड से तथा रतालू की श्री नीलिमा और डीए 340 किस्म एंथोसायनिन से भरपूर है।

सरकार वर्सेस राजभवन > मंत्री चौबे बोले कोई नाराजगी नहीं, वो हमारी संवैधानिक प्रमुख

टकराव की खबरों के बीच राज्यपाल से मिले मंत्री चौबे-अकबर

■ मुलाकात के बाद भी प्रभारी सचिव खलखो की ज्वाईनिंग नहीं

नव प्रदेश संवादाता

रायपुर। राज्य सरकार राजभवन में पूर्ण कालिक की जगह अतिरिक्त प्रभारी सचिव नियुक्त करने वाले मामले के बीच बढ़ी तनातनी को शांत करने प्रयासरत है। हालाकि राज्यपाल के पूर्ण कालिक सचिव सोनमणी बोरा के स्थान पर राज्य सरकार ने नए सचिव अमृत खलखो को अब भी नहीं स्वीकारा है। सरकार और राजभवन के बीच टकराव जैसी किसी भी बात को सिरे से खारिज करते हुए आज सीएम भूपेश बघेल कैबिनेट के दो वरिष्ठ मंत्रियों ने राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उइके से मुलाकात की। राज्य सरकार और राजभवन के बीच की यह मुलाकात के बाद कयास लगना लाजमी है कि कहीं न कहीं कुछ पेंच हैं। वह भी तब दो वरिष्ठ मंत्री व सरकार के प्रवक्ता रविंद्र चौबे, मोहम्मद अकबर मिलने गए जब मरवाही उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन रैली में सभी दिग्गज शामिल थे। दोनों मंत्रियों को मुलाकात का वक्त राजभवन से ठीक साढ़े 12 बजे का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम ने कहा सबके अधिकार संविधान में सुनिश्चित हैं

विवाद या टकराव जैसी कोई बात नहीं है, लेकिन सबके अपने दायित्व, कर्तव्य और अधिकार संविधान में सुनिश्चित हैं, उसी के दायरे में रहकर हमारी सरकार काम कर रही है। कहां कौन सीमा से बाहर जा रहे हैं, कहां नहीं जा रहे हैं इसकी विवेचना यहां की प्रबुद्ध जनता करेगी।

न्यूज गैलरी

एमआईसी की बैठक 20 को

दुर्ग। महापौर धीरज बाकलीवाल अध्यक्ष मेयरइन काउंसिल के निर्देशानुसार 20 अक्टूबर को समय 3 बजे महापौर कक्ष में मेयरइन काउंसिल की बैठक होगी। जिसमें विभिन्न विकास और निर्माण कार्यो के 10 प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिया जावेगा । इस संबंध में निगम सचिवालय के माध्यम से महापौर परिषद के सभी प्रभारियों को सूचना पत्र भेजा जा रहा है ।

शंकराचार्य के बिश्वजीत ने की पीएचडी

भिलाई। श्री शंकराचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में प्रबंधन विभाग में सहायक प्राध्यापक बिश्वजीत भट्टाचार्जी को छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय ने पी.एच.डी की उपाधि प्रदान की। उन्होंने अपना शोध कार्य अ स्टडी ऑन दी इम्पैक्ट ऑफ़ स्टॉक मार्केट वोलैटिलिटी ऑन इकनोमिक स्टेबिलिटी विषय पर डॉ.सुमिता दवे एवं डॉ. शिखा सोंधी के मार्गदर्शन में पूरा किया। उन्होंने अपने शोध कार्य में निवेशकों को निवेश के पूर्व इकनोमिक वेरिएबल्स के अध्ययन का महत्व बताया और स्टॉक मार्किट में निवेश के माध्यम से आर्थिक सुदृढ़ता बनाये रखने हेतु रणनीति प्रस्तुत की।

कचरे के बेहतर निष्पादन से मिला राजस्व

महापौर देवेंद्र के संकल्प से मिला प्रतिफल

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र का एक ऐसा डंपिंग साइट जिसमें वर्ष 1995 से समस्त जोन क्षेत्र के कचरे को एकत्र कर निरंतर कचरा डाला जाता रहा है। यह डंपिंग साइट अब धीरे.धीरे समाप्ति की ओर है! भिलाई निगम के संपूर्ण क्षेत्र से निकलने वाला कचरा कुरूद के ट्रेंचिंग ग्राउंड में डाला जाता रहा है। वहां कचरा इस कदर जमा हो गया था कि 200.300 मीटर के क्षेत्र में बदबू का आलम हो गया था! रहवासी परेशान थे। साथ ही इस रास्ते से गुजरना मुमकिन नहीं था। कचरे का ढेर 25 फीट की ऊंचाई तक पहुंच गया था। इस स्थल पर वाहनों का आवागमन तो दूर व्यक्ति के खड़े होने की जगह नहीं बची थी। चारों ओर केवल कचरा ही कचरा नजर आता था। कचरे के ढेर के ऊपर से हाईटेंशन तार गुजरने के कारण आए दिन कचरे में आग लगने की शिकायत प्राप्त होने लगी। इसी दौरान 300 टन कचरा प्रतिदिन पूरे निगम क्षेत्र से निकलकर सीधे ट्रेंचिंग ग्राउंड में पहुंचता था। तब एक भी एसएलआरएम सेंटर निगम क्षेत्र में नहीं बना था जिससे कचरे का निष्पादन किया। इन परिस्थितियों को देखते हुए महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव ने कुरूद स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड के डंपिंग साइट को पूर्ण रूप से समाप्त करने का फैसला लेते हुए अधिकारियों को कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। वर्ष 2016 में निगम क्षेत्र में पहला एसएलआरएम सेंटर नेहरू नगर ऑक्सीडेशन पॉन्ड में तैयार किया गया। जिसके तैयार होने से कचरे के ढेर में कमी होने लगी! एक एसएलआरएम सेंटर होने के कारण कुरूद का कचरा डंपिंग साइट को पूर्ण रूप से समाप्त करना बड़ी चुनौती थी। महापौर के निर्देश पर वर्ष 2018 में डंपिंग साइट को पूर्णतरू विलोपित करने का कार्य प्रारंभ किया।

रात्रिकालीन सफाई करने वाले कामगारों का लेना होगा फीडबैक

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर निगम गंभीर हैं। सर्वेक्षण में अधिक से अधिक नंबर हासिल करने विशेष कार्य योजना तैयार किया गया हैं। अपर कलेक्टर व आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर बाजार क्षेत्रों में नियमित रूप से रात्रिकालीन सफाई किया जा रहा हैं। वहीं प्रत्येक रविवार को तालाबों की सफाई की जाएगी। निगम के नोडल अधिकारी रमाकांत साहू ने बताया कि हर रोज 10 से भी अधिक सफाई मित्र बाजार क्षेत्रों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कर रहे हैं। वहीं सड़क व दुकानों के सामने झाड़ू लगाया जा रहा हैं। सफाई कार्य ठीक से हो रहा है कि नहीं इसकी मानिटरिंग स्वच्छता निरीक्षक बिजेन्द्र कुशवाहा कर रहे हैं। सफाई व्यवस्था लचर न हो इसके लिए विशेष ध्यान रखा जा रहा हैं। कचरा उठाने और झाडू लगाने के बाद सफाई मित्र को संबंधित व्यापारिक प्रतिष्ठान वाले क्षेत्र के व्यापारियों से फीडबैक लेने के निर्देश दिए हैं। लिए गए फीड बैक का संबंधित विभाग समीक्षा करेगा। निगम क्षेत्र में कुल 8 तालाब हैं। उक्त तालाब निस्तारी का संसाधन हैं। आयुक्त के निर्देश पर इन्ही तालाबों में सुपरवाइजर सतीश देवांगन के नेतृत्व में सफाई कराया जाएगा। प्रत्येक तालाब में रविवार को 5 सफाई मित्र की ड्यूटी लगाई गई हैं।

उद्योग विभाग के अधिकारियों को कलेक्टर ने दिए निर्देश

ऐसे यूनिटों की होगी पहचान, जहां आवंटित जमीन का नहीं हो रहा उपयोग

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने औद्योगिक यूनिटों को जमीन आवंटित की गई थीं। इनमें से कुछ में यूनिट बंद हो चुकी है तथा कुछ ऐसी यूनिट हैं जिनमें आवंटित जमीन का उपयोग नहीं किया जा रहा है। इनका चिन्हांकन किया जाएगा ताकि इनका उचित उपयोग किया जा सके। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने इस संबंध में आज उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिले में आठ इंडस्ट्रियल एरिया कार्यरत हैं। यहां उद्योगों को लीज पर जमीन आवंटित की गई है। हो सकता है कि इनमें से कुछ यूनिट अभी बंद होंए कुछ ने आवंटित जमीन का उपयोग ही नहीं किया हो। ऐसी जमीनों की अतिशीघ्र पहचान करें ताकि इनके संबंध में शासन के गाइडलाइन के मुताबिक निर्णय लिया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल की मंशा है कि औद्योगिक विकास में तेजी लाने के लिए आवश्यक है कि औद्योगिक क्षेत्रों में आवंटित भूमि का उचित उपयोग हो। जहां पर आवंटित जमीनों का उपयोग नहीं किया जा रहा अथवा यूनिट बंद हो गई है। वहां अन्य उद्यमियों को अवसर दिये जा सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि यह कार्य शीघ्र पूरा कर लें तथा इस संबंध में अपनी रिपोर्ट दें। उन्होंने सीएसआईडीसी के अधिकारियों को भी इस संबंध में निर्देश दिये। कलेक्टर ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को कहा कि शासन के निर्देश हैं कि एस आफ डूइंग बिजनेस की नीति के अंतर्गत उद्यमियों को बढ़ावा दिया जाए। उन्हें हर संभव प्रोत्साहन दिया जाए। इसके साथ यह भी ध्यान रखना है कि औद्योगिक समूह शासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पूरी तरह पालन करें। वे सुरक्षा के नियमों का पूरी तरह अनुपालन सुनिश्चित कराएं। साफसफाई और प्रदूषण के संबंध में भी जारी गाइडलाइन का पालन कराएं।

कचरा बाहर फेंकने वालों से निगम ने वसूला जुर्माना

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के निर्देशानुसार आज स्वास्थ्य विभाग अमला द्वारा वार्ड 24 न्यू दीपक नगर, वार्ड 17 बोगदापुल क्षेत्र का भम्रण कर क्षेत्र की सफाई का निरीक्षण स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान इन क्षेत्रों में घरों और दुकानों का कचरा नालाए नाली और सड़क किनारे पड़ा पाया गया। इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बलदेव सिंग द्वारा नाला में कचरा डाले जाने पर 2 हजार जुर्माना लिया। इसी प्रकार नाली में कचरा डालने व गंदगी फैलाने पर सुदामा गोदवानी, रुखमणी पासवान से सौ-सौ रु तथा सर्वेश गुप्ता श्रद्धा एजेंसी वार्ड 17 से 5 सौ जुर्माना लिया। स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दोबारा कचरा नालाए नाली या सड़क किनारे नहीं डालने की हिदायत दी गई। उन्होनें वार्डो के सफाई सुपरवाईजरों को निर्देशित कर कहा कि अपने वार्डो में निरंतर भ्रमण करते रहें।

श्री महावीर कोविड केयर सेंटर का किया सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। श्री महावीर कोविड केयर सेंटर आजाद हॉस्टल में आज साइंस कालेज प्राचार्य आरएन सिंह, डॉ. अभिनेश सुराणा, अनिल कश्यप, प्रोफेसर खान, प्रोफेसर यादव, डॉ. सतीश सेन एवं साथ मे महाविधालय के स्टाफ उपस्थित हुए प्राचार्य व स्टाफ द्वारा कोविड सेंटर कोविड सेंटर के संयोजक व सभी सदस्यों का सम्मान मोमेंटो प्रशस्ति पत्र देकर सेवा हेतु सम्मान दिया तत्पश्चात कोविड सेंटर की ओर से हॉस्टल के प्रभारी व सभी प्रोफेसरों का सम्मान, सम्मान पत्र देकर किया गया जिसमें संस्था के डॉ. सी जैन, उपसंयोजक दिनेश मरोटी, कोषाध्यक्ष दिलीप गोगड़ व सदस्यगण महेंद्र दुग्गड़, मदन जैन, विमलेश कोचर,कमलेश बैद, प्रकाश गोलछा, बृजमोहन खंडेलवाल, महावीर लोढा, चुन्नीलाल जैन, कमलेश ढ़ेलडिया, उत्तम बरडिया, अभिलेश कटारिया, अजय श्रीश्रीमाल, प्रवीण भूतड़ा, भागचन्द जैन संस्था की ओर से मौजूद थे।

फोरम ने बीमा कंपनी पर लगाया 2.31 लाख हर्जाना

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहन का बीमा दावा भुगतान करने से बीमा कंपनी ने इंकार कर दिया, इसे सेवा में निम्नता पाते हुए जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष लवकेश प्रताप सिंह बघेल, सदस्य राजेन्द्र पाध्ये व लता चंद्राकर ने यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पर 2 लाख 31 हजार हर्जाना लगाया।

ग्राहक की शिकायत

टाटीबंध रायपुर निवासी रमाकांत यादव का ट्रक सड़क दुर्घटना में 11 जनवरी 2018 क्षतिग्रस्त हो गया। जिसकी पुलिस में सूचना देने के बाद वाहन को रिपेयर करवाया गया एवं वाहन में आए खर्च संबंधी बिल व रसीदों को बीमा कंपनी में जमा कर क्लेम फॉर्म जमा कराया गया लेकिन बीमा कंपनी ने दावा राशि का भुगतान नहीं किया।

बीमा कंपनी जवाब

बीमा कंपनी ने फोरम के समक्ष उपस्थित होकर कहा कि, परिवादी ने अपने वाहन को दुर्घटना दिनांक से काफी पहले रामेश्वर यादव नामक व्यक्ति को विक्रय कर कागजात सौंप दिए थे। परिवादी घटना दिनांक को क्षतिग्रस्त वाहन का ना तो स्वामी था, ना ही कब्जाधारी था। परिवादी ने वाहन का बीमा कराते समय इस तथ्य को छुपाया और वाहन के विक्रय की लिखित सूचना आरटीओ कार्यालय और बीमा कंपनी नहीं दी। घटना दिनांक को परिवादी का वाहन में बीमा हित नहीं होने के कारण उसे बीमा दावा राशि का भुगतान नहीं किया गया है। परिवादी के प्रति किसी प्रकार से सेवा में कोई कमी नहीं की है।

फोरम का फैसला

प्रस्तुत दस्तावेजों एवं प्रमाणों के आधार पर जिला उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष ने उपभोक्ता के प्रति बीमा कंपनी द्वारा सेवा में निम्नता का कृत्य किया जाना प्रमाणित पाया। आयोग ने विचारण के दौरान यह अभिनिर्धारित किया कि जिस व्यक्ति के नाम पर वाहन पंजीकृत है उसे ही मोटर व्हीकल एक्ट के प्रयोजनों के लिए वाहन का मालिक माना जाता है और पंजीकृत स्वामी नाम पर ही बीमा करके बीमा पॉलिसी जारी की गई है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं JIWRAKHAN LAL NIRMALKER S/O CHHABI LAL NIRMALKAR निवासी QTR. NO.-17/B, STREET NO.-12, SECTOR-01, BHILAI, DISTT.-DURG (C.G.) 490001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम JIWRAKHAN LAL NIRMALKAR S/O CHHABI LAL NIRMALKAR रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम JIWRAKHAN LAL NIRMALKAR S/O CHHABI LAL NIRMALKAR से ही जाना पहचाना जावे।

JIWRAKHAN LAL NIRMALKAR
QTR.NO.-17/B, STREET NO.-12, SECTOR-01, BHILAI, DISTT.-DURG CG.490001

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं MOHAMMED KASHAF RATHORE S/O MOHAMMED FIROZ RATHORE निवासी WARD NO 41, NEW MASJID K AGE, SUBHASH NAGAR, DURG, DIST DURG, STATE (C.G.) PIN 491001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम MOHAMMAD KASHAF RATHORE S/O MOHAMMED FIROZ RATHORE रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम MOHAMMAD KASHAF RATHORE S/O MOHAMMED FIROZ RATHORE से ही जाना पहचाना जावे।

MOHAMMAD KASHAF RATHORE
WARD NO 41, NEW MASJID K AGE, SUBHASH NAGAR, DURG, DIST DURG, STATE (C.G.) PIN 491001

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 2020091004004 1

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री दुर्गेश कुमार प्यासी आ. रामेश्वर प्रसाद निवासी ग्राम धनोरा तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1064/5 रकबा 0.022 हें/ 2400 वर्गफीट का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202008100400258

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती कल्पना साहू पति माखनलाल साहू निवासी उमरपोटी तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 936/70 रकबा 0.14 हें/ 1500 वर्गफीट का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.08.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202009100400108

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री राजेन्द्र सिंह आ. मंगल सिंह निवासी भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जामुल प.ह.न. 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 384/22 रकबा 0.018 हें/ 2000 वर्गफीट का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202001010040046 6

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री लक्ष्मण आ. सुकदेव निवासी डुण्डेरा तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 8402 शामिल 840/5 रकबा 0.03 हें/ 3200 वर्गफीट का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202001010040046 7

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती अनिता देवांगन पति राजेन्द्र प्रसाद देवांगन निवासी डुण्डेरा तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 492/2 रकबा 0.018 हें/ 1810 वर्गफीट का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202010100400426

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अनिल कुमार चौधरी आ. ढालेन्द्र कुमार चौधरी निवासी चन्दखुरी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चन्दखुरी प.ह.न. 29 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1610/37 रकबा 0.017 हें/ 1830 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202010100400427

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक देवेन्द्र पिपरिया आ. शत्रुघन लाल पिपरिया निवासी कोड़ेवा तह. गुण्डरदेही जिला बालोद द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चन्दखुरी प.ह.न. 29 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 899/8 रकबा 0.022 हें/ 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202010100400484

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती शकीला जौ. मुकीम खां निवासी जयंती नगर सिकोला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 08 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 32/55 रकबा 0.014 हें/ 1425 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202010100400487

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका शाहिद खान जौ. मरातिब खान निवासी पसान अनुपपुर (म.प्र.) द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 08 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 30/40 रकबा 0.007 हें/ 720 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202010100400036

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक जितेन्द्र कुमार आ. मन्नूलाल निवासी से-06 भिलाईनगर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 08 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 727/25 रकबा 0.020 हें/ 2100 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202010100400396

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक गणेश यादव एवं अन्य 01 आ. रामचंद्र यादव निवासी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम अंजोरा (ख) प.ह.न. 28 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 455/4 रकबा 0.011 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202010100400475

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका मोहनी देवी टावरी जौ. गोविंदलाल टावरी निवासी महावीर कालोनी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पुलगांव प.ह.न. 25 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 280/3 रकबा 0.048 हें/ 5160 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202010100400355

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक बबन प्रसाद पासवान आ. स्व. गंगाराम निवासी क्वा.नं. 1बी सड़क 3 से-07 भिलाईनगर सिविक सेंटर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 416/5 रकबा 0.03 हें/ 3000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 12.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202010100400490

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका जुलेखा बेगम जौ. अलीमुद्दीन निवासी सिकोलाभाठा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 08 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 31/52, 32/325 रकबा 0.0060 हें/ 600 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202010100400491

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका जैनब खान जौ. ए. वसिम खान निवासी रेल्वे कालोनी भिलाई नगर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 08 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 30/67 रकबा 0.0110 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सुमना गांगुली आ. संजीव गांगुली साकिन रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 623/69 रकबा 0.02 हे. जो उसके स्व. तपन कुमार मुखर्जी के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि का नाम विलोपित किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 29.10.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202010100400447

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सतीष यादव आ. विजय बहादुर यादव निवासी डुण्डेरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम डुण्डेरा प.ह.न. 57 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 467/3, 467/11 रकबा 0.0500, 0.0200 हें/ 7645 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

सीएम बघेल ने प्रदेशवासियों को दी नवरात्रि की शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने सबके जीवन में सुख,समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है। नवरात्रि की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में श्री बघेल ने कहा है कि शक्ति उपासना के इस पर्व में 9 दिनों तक पूरी श्रद्धा और भक्ति-भाव के साथ शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है,श्रद्धालु व्रत रखते हैं और कन्या पूजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि देवी को शक्ति, नारी, मां, बुद्धि और लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। नवरात्रि आराधना के साथ नारी शक्ति के सम्मान का पर्व है। इस अवसर पर हम सभी महिलाओं के मान-सम्मान,गौरव को बनाए रखने और उनके विरूद्ध हिंसा के विरोध का संकल्प लें। श्री बघेल ने कहा कि त्यौहार के दिनों में हम सभी को कोरोना संक्रमण के प्रति अधिक सावधान होने की जरूरत है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अपील की है कि अधिक भीड़-भाड़ से बचें और कोरोना से बचाव के लिए जारी सभी दिशा निर्देशों का पूरी तरह पालन करें।

सीएम ने दी महाराजा अग्रसेन जयंती की बधाई

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महाराजा अग्रसेन जयंती की सभी प्रदेशवासियों विशेषकर अग्रवाल समाज को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री बघेल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था, आर्थिक समरूपता और सामाजिक समानता महाराजा अग्रसेन के आदर्श मूल्य रहे। बघेल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन द्वारा बताए गए अहिंसा के मार्ग पर चलकर सभी समाज को समृद्ध और सशक्त बनाने का संकल्प लें साथ ही समाज में आपसी प्रेम और सदभाव का वातावरण बनाएं।

राज्यपाल ने नवरात्रि पर दी शुभकामनाएं

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की है कि मां दुर्गा की आराधना एवं उपासना का यह पर्व प्रदेश के सभी नागरिकों के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि लेकर आए। राज्यपाल ने इस अवसर पर अपील की है कि इस कोरोना काल में शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप त्यौहार मनाएं और अपने और अपने परिवार का ध्यान रखें।

राज्य गठन के बाद छत्तीसगढ़ को पहली बार खेलों के विकास में मिली बड़ी उपलब्धियां

छत्तीसगढ़ हॉकी अकादमी रायपुर को साई ने दी मान्यता

■ राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बिलासपुर को 'स्टेट सेंटर ऑफ एक्सिलेंस' का दर्जा

■ खेल सुविधाओं और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण का बड़ा कदम

■ राज्य सरकार के साथ-साथ केन्द्र सरकार से भी इन केन्द्रों के विकास के लिए मिलेगी मदद

■ राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बिलासपुर को स्वीमिंग, कुश्ती और एथलेटिक खेलों के लिए मिली मान्यता

■ लोकवाणी में बच्चों के सवाल पर सीएम ने दिया था खेल अकादमी खुलवाने का आश्वासन

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य के खिलाड़ियों का सपना अब साकार होगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को खेल के मैदानों में उतारते हुए राज्य में खेलों के विकास का नया अध्याय जोड़ा है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहली बार रायपुर में 'आवासीय हॉकी अकादमी' प्रारंभ होने जा रही है। इसके साथ ही साथ बहतराई बिलासपुर में 'एक्सिलेंस सेन्टर' प्रारंभ होने जा रहा है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा खेलो इंडिया योजना के तहत रायपुर में आवासीय हॉकी अकादमी (बॉय एंड गर्ल्स) तथा बिलासपुर में एथलेटिक, कुश्ती एवं तैराकी के लिए 'एक्सिलेंस सेन्टर' का प्रस्ताव भारतीय खेल प्राधिकरण को प्रेषित किया गया था, जिसकी स्वीकृति प्राप्त हो गई है। राज्य के युवाओं की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें उपयुक्त प्रशिक्षण की व्यवस्था के लिए 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' को खेल के क्षेत्र में साकार करने के प्रयास अब मूर्तरूप लेते जा रहे हैं। इसके पूर्व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा तीरंदाजी के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसकी स्वीकृति भी प्राप्त हो गई है। वर्तमान में रायपुर में तीरंदाजी का प्रशिक्षण खिलाडियों को दिया जा रहा है। 'वन स्टेट वन गेम' के तहत रायपुर में तीरंदाजी खेल के विकास की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। रायपुर में आवासीय हॉकी अकादमी तथा बिलासपुर में एथलेटिक, कुश्ती एवं तैराकी के लिए 'एक्सिलेंस सेन्टर' की मान्यता मिलने पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और खेल मंत्री श्री उमेश पटेल ने युवा खिलाडियों, खेल प्रशिक्षकों और राज्य के खेल और युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य में उपलब्ध खेल अधोसंरचनाओं के रख रखाव तथा आवासीय खेल अकादमियों के संचालन हेतु मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण का गठन किया है। प्राधिकरण के माध्यम से राज्य भर में खेलों का विकास किया जा रहा है। रायपुर में प्रारंभ होने वाले आवासीय हॉकी अकादमी के लिए चयन कार्यक्रम की योजना खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा तैयार की जा रही है। आवासीय अकादमी हेतु चयनित प्रशिक्षणार्थी खिलाड़ियों को छात्रावास, विद्यालय, किट, भोजन एवं आवासीय अकादमी से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

बहतराई बिलासपुर में प्रारंभ होने वाले एक्सिलेंस सेन्टर के लिए प्रारंभिक रुप से तीन खेलों एथलेटिक, तैराकी तथा कुश्ती का चयन किया गया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश भर में प्रशिक्षकों के नए पदों के सृजन की कार्यवाही की जा रही है। एक्सिलेंस सेन्टर के माध्यम से राज्य में उपलब्ध खेल प्रतिभाओं तराशने का कार्य किया जाएगा। भारत सरकार की मान्यता मिलने से खेलों के विकास के लिए छत्तीसगढ़ के इन दोनों प्रमुख केन्द्रों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा भी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। छत्तीसगढ़ हॉकी अकादमी रायपुर के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण और राज्य सरकार के खेल और युवा कल्याण विभाग के मध्य जल्द ही एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर के बहतराई स्थित एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम का 17 जून 2019 को लोकार्पण करते हुए इसका नामकरण पूर्व मंत्री स्वर्गीय श्री बी. आर. यादव के नाम पर करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने इस स्टेडियम में 9वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया था। जिसमें 22 राज्यों के टीमों ने हिस्सा लिया था। बिलासपुर में सर्वसुविधायुक्त स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनकर तैयार है। छत्तीसगढ़ हॉकी अकादमी रायपुर और राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बिलासपुर को 'खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफइक्सलेंस' को मान्यता मिलने से प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को अपने खेल कौशल विकसित करने का अच्छा मौका मिलेगा। खिलाड़ियों को बेहतर खेल अधोसंरचना के साथ बेहतर सुविधाएं और अच्छे प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण मिलेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाओं को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री ने इस वर्ष युवा महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर युवाओं को 'खेलबो-जीतबो-गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' का नया नारा देकर उन्हें खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया था।

अमित को एक और झटका, प्रशांत गुप्ता ने किया कांग्रेस प्रवेश

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मरवाही विधानसभा उपचुनाव के पहले भाजपा और जनता कांग्रेस छग को लगातार एक के बाद एक झटके लगते जा रहे है। दोनों दलों से कद्दावर नेताओ का दल छोड़कर कांग्रेस में प्रवेश कर रहे है। इसी कड़ी में आज जनता कांग्रेस के कद्दावर नेता प्रशांत गुप्ता ने भी अपने दल का साथ छोड़कर कांग्रेस में प्रवेश कर लिया। मरवाही प्रभारी मंत्री जय सिंह अग्रवाल की उपस्थिति में प्रशांत गुप्ता ने कांग्रेस प्रवेश किया। इस दौरान शंकर कंवर, श्रीमती अर्चना पोर्ते, आर पी सिंह प्रवक्ता प्रदेश कांग्रेस कमेटी, बिलासपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि जोगी कांग्रेस में प्रशांत भूषण 6 ग्राम पंचायत एवं 17 बूथ प्रभारी की अहम जिम्मेदारी संभाले हुए थे। उनके जाने के बाद जनता कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। प्रशांत भूषण से एक दिन पूर्व गुरूवार को भाजपा के दो पूर्व विधायक प्रत्याशी अर्चना पोर्ते एवं ध्यान सिंह पोर्ते ने कांग्रेस में प्रवेश किया है।

भाजपा नेता गुप्ता के भाई के घर ईडी की टीम ने दी दबिश, दो घंटे चली जांच

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। शहर के पूर्व पर्यटन मंडल में उपाध्यक्ष भाजपा नेता केदार गुप्ता के छोटे भाई विजय गुप्ता के यहां शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने दबिश दी। बताया गया कि विजय गुप्ता के प्रतिष्ठान में कुछ माह पहले वन विभाग ने छापेमारी की थी जिसमें वन्यप्राणियों के प्रतिबंधात्मक अवशेष बरामद किए थे।

उस वक्त वन्यप्राणियों के अवशेष की कीमत करीब 8 से 10 करोड़ रूपए बताई गई थी। वन विभाग ने प्रकरण दर्ज करने के बाद ईडी को भी इसकी सूचना भेज दी थी। गोलबाजार के जिस जड़ी-बूटी के प्रतिष्ठान में छापेमारी हुई थी वह सिविल लाइंस के रायगढ़ बाड़ा निवासी विजयगुप्ता है। प्रकरण की सूचना ईडी को भी भेज दी गई थी। शुक्रवार को ईडी की टीम सुबह विजय गुप्ता के निवास पर दबिश दी। उनके निवास पर करीब दो घंटे से अधिक समय तक ईडी की टीम ने जांच पड़ताल की और पूछताछ की। जांच का विस्तृत ब्यौरा नहीं मिल पाया है। इस पूरे मामले में भाजपा नेता केदार गुप्ता ने स्पष्ट किया कि उनके भाई का अलग व्यवसाय है। पुराने प्रकरण को लेकर ईडी की जांच टीम आई हुई थी। जांच भी पूरी हो चुकी है।

पॉवर कम्पनी ने शुरु की विद्युत उपभोक्ता फोरम में ऑन लाइन शिकायत दर्ज कराने की सुविधा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की सेवा हेतु किये जा रहे कार्यो पर केन्द्रित एक प्रेजेंटेशन आज छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय में आयोग के चेयरमैन श्री डी.एस.मिश्रा के समक्ष दिया गया। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री हर्ष गौतम ने इस अवसर पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं की सहूलियत को दृष्टिगत रखते हुए कंपनी द्वारा ऑन लाईन वर्किंग सिस्टम को विशेष बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज एक नई सुविधा की शुरूआत की गई जिसके

माध्यम से अब उपभोक्तागण अपनी बिजली संबंधी शिकायत की याचिका ''कंज्यूमर ग्रीवेंस रिड्रेसल फेरम'' में घर बैठे आन लाइन दर्ज करा सकेंगे।

राजधानी रायपुर के शांति नगर में स्थित नियामक आयोग कार्यालय में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी श्री गौतम ने आयोग के चेयरमेन श्री मिश्रा सहित सदस्यगण, सचिव सहित अन्य अधिकारियों के समक्ष आन लाईन ''कंज्यूमर ग्रीवेंस रिड्रेसल फेरम'' में याचिका दर्ज कराने की प्रक्रिया का लाइव प्रजेन्टेशन दिया। उन्होंने इसे विद्युत उपभोक्ताओं के लिए अत्यन्त उपयोगी ठहराते हुए बताया कि ऑन लाईन पिटीशन दर्ज आरंभ हो जाने से उपभोक्ताओं के समय,श्रम और अर्थ की भी बचत होगी। इसी क्रम में श्री गौतम ने उपभोक्ता हित में आरंभ किये गये कंपनी के मोर बिजली मोबाइल एप की भी विस्तृत जानकारी दी।

कोरोना संक्रमण-स्वास्थ्य और समाज में इसका प्रभाव विषय पर वेबिनार

रायपुर। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय (आरओबी), रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्रीय लोकसंपर्क कार्यालय (एफ ओबी), बिलासपुर के सहयोग से आज, 16 अक्टूबर, 2020 (शुक्रवार) को दोपहर 12.00 बजे से 01.00 बजे तक 'कोरोना संक्रमण - स्वास्थ्य और समाज में इसका प्रभाव' विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार को संबोधित करते हुए बिलासपुर के चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर पी.के. वैष्णव ने बताया कि हमें कोविड-19 से डरने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि अपना बचाव करना है। सरकार द्वारा दी गयी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिज़र (एसओपी) का ध्यान रखते हुए, अपने दायित्वों का पालन करना है । डॉक्टर वैष्णव ने क्वारंटाइन, आइसोलेशन, उपचार, मॉस्क के उपयोग, स्वच्छता, बिलासपुर में कोविड-19 के संदर्भ में शासन द्वारा की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी।

प्रदेश साहू संघ के मीडिया संयोजक बने कौशल

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। साहू समाज के प्रति कर्मठता और जागरूकता को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के मीडिया प्रकोष्ट के प्रदेश संयोजक के पद पर पत्रकार कौशल स्वर्णबेर को मनोनित किया गया। इसी तरह मीडिया सहसंयोजक पद पर पवन साहू, किसान प्रकोष्ठ के सह-संयोजक के पद पर महेंद्र साहू तथा चन्द्रशेखर साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष,व्यापार प्रकोष्ठ के पद पर नियुक्त किया गया है। ये सभी प्रदेश में साहू समाज की सामाजिक गतिविधियों और क्रियाकलापों में सक्रियता पूर्वक योगदान देते हुए प्रदेश साहू संघ को एक नई दिशा प्रदान करेंगे। वहीं अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा द्वारा अधिकृत प्रदेश साहू संघ के अलग अन्य सामानान्तर संगठन चला रहे अनिल साहू ने भी प्रदेश साहू संघ की रीति-नीति से प्रभावित होकर समाज में प्रवेश किया। उन्हें समाज द्वारा गठित श्रम एवं रोजगार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक के पद पर नियुक्ति दी गई है। इनकी वापसी में कार्यकारी अध्यक्ष शांतनु साहू की महती भूमिका रही है। इनकी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन हिरवानी, कार्यकारी अध्यक्ष शांतनु साहू, कोषाध्यक्ष हनुमंत साहू, राष्ट्रीय युवा कार्यकारी अध्यक्ष संदीप साहू, सुरजीत साहू, ऋषि साहू, प्यारेलाल साहू समेत समाज के सभी लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

तैयारी धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी पूर्ण करें: मुख्य सचिव

आगामी त्यौहार को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर मास्क और फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जाए

रायपुर। मुख्य सचिव आर. पी. मण्डल ने आज चिप्स कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से धान खरीदी की तैयारी तथा बारदाने की व्यवस्था, किसान पंजीयन एवं गिरदावरी की समीक्षा, वर्मी टैंकों का निर्माण, वर्मी टैंकों का भराव, सीओटी एवं डी कम्पोजर्स का उपयोग, वर्मी टैंकों में वर्म की उपलब्धता एवं उपयोग, पैक्स के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट का परीक्षण, पैकिंग एवं विक्रय, उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, आदिवासियों के प्रकरणों की वापसी एवं कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम आदि की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में

संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत तथा वन मण्डलाधिकारी शामिल हुए।

मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आदिवासियों के प्रकरणों की वापसी तथा अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत पीड़ित परिवार तथा रेप पीड़िता को तत्काल लंबित मुआवजा त्वरित कार्यवाही की जाए। अपर मुख्य सचिव गृह, पुलिस महानिदेशक तथा संचालक लोक अभियोजन द्वारा 7 दिनों में इसकी प्रगति की समीक्षा की जाए। इसी प्रकार प्रकरणों वापसी के संबंध में समस्त पुलिस अधीक्षक स्पष्ट अभिमत दें। उन्होंने कहा कि कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम हेतु कोविड गाईड लाईन का पालन कराया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी माह में आने वाले त्यौहारों को देखते हुए राशन दुकान, पेट्रोल पम्प, आबकारी शराब दुकान में इस हेतु मास्क पहनना, दो गज की दूरी रखना तथा हाथ धोना जैसी बातों पर लोगों में जागरूकता लाने के प्रयास किए जाए। सार्वजनिक स्थानों में इनका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य सचिव ने सुराजी गांव योजना और गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्मी कम्पोस्ट टैंक पर्याप्त मात्रा में नहीं बने है, इसे तत्काल तैयार किए जाए। वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने के लिए निरंतर टैंकों में गोबर भराव सुनिश्चित किया जाए। तैयार किए गए वर्मी कम्पोस्ट की टेस्टिंग अनिवार्य रूप से किया जाए। वर्मी कम्पोस्ट के पैकेजिंग के संबंध में विभाग द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। गौठानों में तैयार वर्मी कम्पोस्ट की खरीदी पैक्स के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि धान खरीदी का कार्य मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है, इसके लिए वास्तविक और सही गिरदावरी की जाए, ताकि पंजीकृत किसानों का धान खरीदा जा सके।

अति कुपोषित बच्चों को कोविड-19 के दुष्प्रभावों से बचाने की आवश्यकता

■ विभिन्न विभागों के साथ मिलकर करेंगे सहयोग, एनआरसी की भूमिका महत्वपूर्ण

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। अति कुपोषित बच्चों पर कोविड-19 के प्रभाव की चर्चा के लिए एम्स में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ सहयोग कर उनके नियमित उपचार की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें न्यूट्रीशन रिहेब्लिटेशन सेंटर्स (एनआरसी) के माध्यम से प्रदेश के सुदूरवर्ती इलाकों तक उपचार की व्यवस्था की जा रही है।

इस संबंध में एम्स में स्थापित अति कुपोषित बच्चों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने प्रदेश सरकार के बाल स्वास्थ्य विभाग और यूनीसेफ के साथ मिलकर रणनीति बनाने के लिए वर्चुअल बैठक आयोजित की। इसमें निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा कि प्रदेश में बच्चों के बीच अति कुपोषण की समस्या को दूर करने में सेंटर की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न विभागों और राज्य सरकार के मेडिकल कालेजों के साथ मिलकर रणनीति बनानी होगी।

बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. ए.के. गोयल का कहना था कि कोविड-19 की परिस्थितियों में कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिए एनआरसी की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। इसके लिए संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और सामाजिक स्तर पर ऐसे बच्चों को बेहतर उपचार प्रदान करने की आवश्यकता है। बैठक में उपस्थित सभी विभागों ने बेहतर समन्वय के माध्यम से प्रदेश में अति कुपोषण की समस्या को दूर करने पर सहमति प्रकट की। डॉ. अमर सिंह ठाकुर, उप-निदेशक (बाल स्वास्थ्य) ने एनआरसी की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इन सभी को कोविड-19 के मद्देनजर पैदा हुई परिस्थितियों में सक्रिय किए जाने की प्रक्रिया शीघ्र ही पूरी हो जाएगी। इस वर्चुअल बैठक में सुनील शर्मा, सहायक निदेशक, आईसीडीएस, डॉ. ए.के. रावत और डॉ. अबनेर डेनियल, न्यूट्रिशनल स्पेशलिस्ट, यूनिसेफ दिल्ली ने भी भाग लिया।

संपादकीय

महिलाओं की मांग न्यायोचित

गुजरात के राजकोट जिले की लड़कियों ने जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंप कर उन्हे अपनी रक्षा के लिए हथियार रखने की इजाजत देने की मांग की है, उन्होने इसके लिए लाईसेंस प्रदान करने की मांग की है। निश्चित रूप से लड़कियों की यह मांग न्यायोचित है। राजकोट ही नहीं बल्कि देश के अन्य हिस्सों से भी महिलाएं हथियार रखने के लिए लाईसेंस की मांग कर रही है। दरअसल देश में बढ़ती रेप और पीड़िता की हत्या की घटनाओं से महिलाएं खुद को असुरक्षित समझने लगी है। कानून और व्यवस्था से उनका विश्वास उठ चुका है। राजकोट की लड़कियों ने साफ कहा है कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा में नाकाम हो रही है एक डायल पर पुलिस के पहुंचने का दावा भी खोखला सिद्ध हो चुका है ऐसे में अब उनके पास अपनी इज्जत और जान बचाने का एक ही रास्ता रह जाता है कि वे खुद हैवानों का मुकाबला करें और इसके लिए लड़कियों और महिलाओं का हथियारबंद होना निहायत जरूरी है। अब देखना होगा कि महिलाओं द्वारा हथियार रखने के लिए लाईसेंस की मांग को साशान प्रशासन कितनी गंभीरता से लेता है। इसमें कोई शक नहीं कि आज महिलाएं घोर असुरक्षा के बीच जी रही है। देश में लगातार रेप, गैंगरेप और जघन्य हत्याओं की घटनाएं लगातार बढ़त जा रहा है। स्थिति तो यह है कि पीड़ित महिलाओं को इंसाफ के लिए भी लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती है। उनके सामने सबसे बड़ी दिक्कत तो यह होती है कि संबंधित पुलिस थानों में उनकी रिपोर्ट लिखने में ही हिल हवाला किया जाता है। यदि आरोपी ऊंची पहुंच वाले हो तो रिपोर्ट ही नहीं लिखी जाती, यदि रिपोर्ट लिखी भी गई तो मामले की जांच में इतनी लीपापोती की जाती है कि आरोपी न्यायालय से बरी हो जाते है और नहं तो उन्हे आसानी से जमानत तो मिल ही जाती है और फिर वे पीड़ित परिवार को डराते धमकाते है कि वह अपनी रिपोट वापस ले लें। वैसे भी रेप के आरोपियों को बहुत कम मामलों में कड़ी सजा मिल पाती है यदि पेरिस्ट नाबालिग हुआ तो वह सजा पाने से भी बच जाता है। निर्भया केस इसका उदाहरण है कि जिस नाबालिग ने सबसे ज्यादा वहशीपन दिखाया था वह छूट गया है। यहि वजह है अब महिलाओं में अपनी रक्षा के लिए खुद ही पहल करने का संकल्प ले लिया है। सरकार को चाहिए कि जो भी महिलाएं हथियार रखने के लिए लाईसेंस की मांग कर रही है उन्हे प्राथमिकता के आधार पर लाईसेंस प्रदान करें ताकि विपरीत परिस्थितियों में वे हैवानों से खुद निपट सकें और अपनी आत्मरक्षा कर सके।

विचार

भारत से कुछ आगे है बांग्लादेश

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

हम भारतीय लोग अपने पड़ौसी देशों के बारे में सोचते हैं कि वे हम से बहुत पिछड़े हुए हैं। हमसे क्षेत्रफल और जनसंख्या में तो वे छोटे हैं ही लेकिन वे शिक्षा, चिकित्सा, भोजन, विदेश-व्यापार आदि के मामलों में भी भारत की तुलना में बहुत पीछे हैं। खास तौर से बांग्लादेश के बारे में तो यह राय सारे देश में फैली हुई है, क्योंकि बांग्लादेशी मजदूरों को तो भारत के कोने-कोने में देखा जा सकता है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ताजा रपट तो हमारे सामने दूसरा नक्शा पेश कर रही है। उसके अनुसार इस वर्ष बांग्लादेश का प्रति व्यक्ति समग्र उत्पाद (जीएसटी) भारत से थोड़ा ज्यादा है। 2020-21 में बांग्लादेश का प्रति व्यक्ति समग्र उत्पाद 1888 डॉलर होगा जबकि भारत का 1877 डालर रहेगा। पिछले कुछ वर्षों में बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था निरंतर आगे बढ़ती रही है। 2019 में वह 8.2 बढ़ी थी। इस वर्ष भी बांग्ला अर्थव्यवस्था 3.8 प्रतिशत बढ़ेगी जबकि भारतीय अर्थ व्यवस्था 10.3 प्रतिशत घटेगी। कोरोना की महामारी का उल्टा असर तो भारत को पीछे खिसका ही रहा है, मोदी सरकार की नोटबंदी जैसी अन्य कई भूलें भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। इसमें शक नहीं है कि पिछले छह वर्षों में भारत की अर्थ-व्यवस्था ने कई छलांगें भरी हैं और वह पड़ौसी देशों के मुकाबले काफी आगे रही है लेकिन आज बांग्लादेश कई मामलों में हमसे कहीं आगे है। जैसे बांग्लादेशी नागरिकों की औसत आयु भारतीयों से 3 वर्ष ज्यादा है। जनसंख्या बढ़ोतरी के लिए मुसलमानों को बदनाम किया जाता है लेकिन बांग्लादेश में जन्म–दर की रफ्तार सिर्फ2 है जबकि भारत में वह 2.2 है। इसी तरह कई अन्य मामलों में बांग्लादेश हमसे आगे हैं। बांग्लादेश की इस प्रगति से ईर्ष्या करने की जरुरत नहीं है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था उससे लगभग 11 गुना बड़ी है लेकिन उससे हमें कुछ सीखने की जरुरत जरुर है। बांग्लादेश ने अभी अभी बलात्कार के लिए मृत्युदंड का कानून बनाया है। वह आतंकियों के साथ भी काफी सख्ती से पेश आता है। बांग्लादेशी लोग बेहद मेहनतकश हैं। वहां हमारे समाज की कमजोरियां कम ही हैं। वहां के लोग जातिवाद से उतने ग्रस्त नहीं हैं, जितने हम हैं। बौद्धिक कामों के मुकाबले वहां शारीरिक कामों को एक दम घटिया नहीं माना जाता। बांग्लादेश के कपड़े सारी दुनिया में गर्म पकौड़े की तरह बिकते हैं। ढाका की मलमल सारी दुनिया में प्रसिद्ध हुआ करती थी। भारत के साथ बांग्लादेश के संबंध अन्य पड़ौसी देशों के मुकाबले ज्यादा अच्छे हैं लेकिन चीन भी वहां हर क्षेत्र में घुसपैठ की पूरी कोशिश कर रहा है। बांग्लादेश की प्रगति से सबसे ज्यादा सबक पाकिस्तान को लेना चाहिए, जिसका वह 1971 तक मालिक था।

क्वाड 2.0: भारतीय वर्चस्वता बढ़ाने में कितना मददगार

कुमार रमेश

> निष्कर्ष की बात करें तो इन 15 दिनों में जैसे जैसे अमेरिकी चुनाव नजदीक आएंगे, युद्ध की संभावना अपने पूरे उफ़ान पर रहेगी। क्योंकि चीन युद्ध के जरिए भारत को उसकी औकात दिखाना चाहता है ताकि भारत अपने नक्शे से अक्साई चीन को हटाए और एशिया में चीन की बराबरी पर खड़ा होने से पहले सोचे, इसलिए यह अमेरिकी चुनाव ही भारत और विश्व की दिशा निर्धारित करेगा। अगर ट्रंप पुनः जीते तो ना सिर्फचीन पर महामारी फैलाने का वैश्विक दबाव आएगा बल्कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग की जीवनपर्यंत सत्ता भी खतरे में पड़ जाएगी। रही बात क्वाड की, तो उसे भी 5 सालों के भीतर संस्थागत बनाकर चीन विरोधी देशों दक्षिण कोरिया, वियतनाम, फिलीपींस और इंडोनेशिया को शामिल किया जा सकता है, ताकि इस शीत युद्ध में क्वाड का सैन्यीकरण किया हा सके। बहरहाल, वर्तमान परिपेक्ष्य में क्वाड तो कोई समाधान नहीं है लेकिन भविष्य में भारत के वर्चस्व को हिंद महासागर में बढ़ाने के लिए यह सबसे बड़ी भूमिका निभाएगा।

अक्टूबर का महीना और 1962 का साल। यही वो समय था जब चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने भारत पर हमला 38000 वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया था। आधी सदी बाद, आज फिर से वही समय आया है जब विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं के बीच तनाव चरम पर है, और सैन्य तथा राजनयिक रिश्तों में थोड़ी सी भी ढील तनाव को युद्ध के आखिरी विकल्प में बदल देगा। इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि एलएसी पर चीन ने 60000 सैनिकों के अलावा एचक्यू ङ्क 9 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम तैनात कर रखा है, और एयर स्ट्रिप्स के अलावा 14 स्थानों पर स्थायी बेस भी बना रहे हैं। यह पूरी तरह साफ है कि चीनी सेना वापस जाने के मूड में नहीं। दूसरी तरफ भारत भी अपनी तैयारियों को फास्ट फॉरवर्ड बढ़ाते हुए लगातार 35 दिनों में 10 खतरनाक और न्यूक्लियर शक्ति से लैस हाइपरसोनिक, ब्रह्मोस, शौर्य, एंटी रेडार, पृथ्वी-2, स्मार्ट टॉरपीडो और निर्भय जैसे मिसाइलों का टेस्ट कर चुका है। चूंकि यह परिस्थितियां असामान्य हैं इसलिए आज विश्वभर के देश चीन की आक्रामकता से परेशान होकर एक मंच पर आने लगे हैं, ताकि देशों की संप्रभुता और भविष्य की रक्षा तकनीकों से चीन की निर्भरता हटाई जा सके। इसी के साथ दुनियां में एक नए शीत युद्ध की भी शुरुआत हो चुकी है, जिसमें हार किसी की भी हो लेकिन वैश्विक परिदृश्य यकीनन बहुपक्षीय हो जाएगी।

इस दौर में चीन को रोकने के लिए जिस संगठन की रूपरेखा निर्धारित की जा रही है, वह कोई नया नहीं है। इसकी नींव तो 2007 में ही जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे की सोच द्वारा तैयार कर ली गई थी। लेकिन चीन के डर और दबाव में यह कभी अपने मुकाम तक नहीं पहुंच पाया। चूंकि आज की दुनिया वैश्विक महामारी की चपेट में है और अर्थव्यवस्था चौपट, इसी कमजोरी का फायदा उठाकर राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दशकों बाद सख्त आक्रमकता दिखाते हुए ना सिर्फ हांगकांग की स्वायत्तता खत्म कर दी बल्कि किर्गिस्तान,भूटान, ताइवान, जापान से भी सीमा विवाद छेड़ दिया है। इसीलिए फिर एक बार यह क्वॉडिलेटराल सिक्योरिटी डायलॉग अपने 2.0 अवतार में वापस आया है जो न सिर्फ पूर्ण रूप से एंटी-चाइना है बल्कि प्रो-डेमोक्रेसी, प्रो-फ्री नेविगेशन और प्रो-कोऑपरेटिव भी है। आज क्वाड की चर्चा

और महत्ता दुनिया की उस सबसे मजबूत सैन्य संगठन नाटो से की जा रही है, जिसकी स्थापना पहले शीत युद्ध के दौर में अमेरिका द्वारा सोवियत यूनियन को घेरने के लिए किया गया था। उसका परिणाम यह रहा कि प्रत्यक्ष युद्ध लड़े बिना ही सोवियत यूनियन को 15 भागों में तोड़ दिया गया। दशकों बाद आज फिर से अर्थव्यवस्था एवं मिलिट्री वर्चस्वता ने अमेरिका-चीन के बीच दूसरे शीत युद्ध का प्रारंभ करा दिया है। ऐसे में दोनों देश दुनियाभर के देशों को अपने-अपने खेमों में लाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि विरोधी सरकार की सैन्य सत्ता को कमजोर किया जा सकें।

क्वाड की संरचना को आज इसी परिपेक्ष्य में मूर्त रूप दिया जा रहा है ताकि हिन्द-प्रशान्त महासागर क्षेत्र में बेल्ट एंड रोड परियोजना, दक्षिणी चीन सागर, 5जी टेक्नोलॉजी, रेयर अर्थ एलिमेंट्स और साईबर सिक्योरिटी से चीन के एकाधिकार को खत्म किया जा सके। लेकिन सवाल यह है कि यदि निकट भविष्य में भारत का चीन के साथ युद्ध हो गया, तो यह चतुर्भुज सुरक्षा संवाद भारत के सहयोग में आएगा या नहीं। और यदि आएगा तो किस हद तक। चूंकि यह संगठन समुद्र के बीच मुक्त और खुले नविगेशन की नींव पर आधारित है, ऐसे में यह जानना इसलिए महत्वपूर्ण है कि जमीन और सीमा संबंधी विवादों में यह संगठन कोई सैन्य सहायता कर पाएगा या नहीं, यह जानने के बाद ही इसकी परिकल्पना सार्थक होगी। हाल ही में चीनी मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने अपने लेख में भारत को बहलाने को कोशिश की थी कि वह अमेरिका के झांसे में ना आये, क्योंकि युद्ध के समय वह भारत के सहयोग के लिए नहीं आएगा। और जब तक वो मदद के लिए पहुंचेंगे, तक तक खेल खत्म हो चुका होगा। निश्चित रूप से ये धमकियां परिभाषित करती हैं कि चीन एलएसी से पीछे नहीं हटना चाहता। दरअसल, चीन अच्छी तरह जानता है कि ट्रंप प्रशासन कैसे काम करता है, और यह कितना अविश्वसनीय है। इसलिए मेरा अनुमान है कि अगर सैन्य झड़प या सीमा पर युद्ध होता है तो अमरीका खुले तौर पर भारत के साथ जुड़ेगा, इसकी संभावना बहुत कम है। मैं मानता हूं कि भारत को अमरीका के साथ अच्छे संबंध रखने की आवश्यकता ज़रूर है, लेकिन इसे चीन के ख़िलाफ़ निर्देशित नहीं किया जाना चाहिए। इस संदर्भ में भारत को पाकिस्तान और इराक के पिछले अनुभवों से सबक सीखना चाहिए, कि अमरीका कभी भी किसी का विश्वास-योग्य सहयोगी नहीं रहा है और राष्ट्रपति ट्रंप के शासन में यह अधिक स्पष्ट हो गया है।

भारत को क्वाड में अमेरिका से सर्विलांस के अलावा अन्य कोई मदद नहीं मिल सकेगा, इसीलिए भारत आखिरी बचे फ़ाउन्डेशनल एग्रीमेंट बेका को जल्द से जल्द साइन कर लेना चाहता है। रही बात दक्षिणी चीन सागर में वियतनाम, फिलीपींस, मलेशिया, इंडोनेशिया की, ताइवान में मिडियन लाइन की, जापान में सेनकाकू द्वीपसमूह की; किर्गिस्तान में पूरे पामीर पठार के सुरक्षा की, तो यकीनन यह सब क्वाड की मजबूती पर निर्भर करता है, जो एक दशक से पहले संभव नहीं हो पाएगा। हाल ही में चीन ने एकतरफा कार्रवाई कर हांगकांग को पूर्णतः कब्जा लिया, लेकिन कोई चीन का कुछ नहीं बिगाड़ पाया। ऑस्ट्रेलिया में तो चीन ने उसके इंटरनल पॉलिसी और पॉलिटिक्स में इस हद तक घुसपैठ कर दी, कि ऑस्ट्रेलिया को इससे बचने के लिए एंटी-इंटरफ्रेंस लॉ बनाना पड़ा। आज स्थिति यह है, कि छोटे छोटे देशों की बदौलत अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों की जांच को भी चीन विफल कर दे रहा है लेकिन कोई कुछ नहीं कर पा रहा। क्वाड की प्रासंगिकता को जानना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि भारत पहले से ही अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप से बंधा हुआ है। इसके अलावा शंघाई सहयोग संगठन, आरआईसी और ब्रिक्स जैसे संगठनों में चीन के साथ है और राजनयिक वार्ता के द्वारा एलएसी विवाद सुलझाने की कोशिश में लगा हुआ है। फिर एक ऐसे संगठन को पुनर्जीवित क्यों किया का रहा जिसका अभी तक कोई स्ट्रक्चर और मुख्यालय तक नहीं है। हाल ही में भारत को साथ लेकर अमेरिका ने जी7 जैसे विकसित समूह के विस्तार और ब्रिटेन ने डी10 बनाने की बात कही है। इस चर्चा ने चीनी आक्रामकता को और भड़का दिया क्योंकि यह योजना राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सपनों के प्रतिकूल साबित हुआ।

अनुच्छेद 370 पर कश्मीर में नई राजनीति की शुरूआत

आशीष वशिष्ठ

> वर्तमान परिस्थितियों में प्रत्येक दशा में 370 की पुनः प्रतिष्ठा के लक्षण नगण्य लगते हैं, लेकिन केंद्र सरकार के सामने कई संकट और चुनौतियां भी हैं। जिस लद्दाख को जम्मू-कश्मीर के चंगुल से स्वतंत्र कर केंद्रशासित क्षेत्र बनाया गया था, वहीं से मांग उठ रही है कि उन्हें 370 के समान 'विशेष दर्जा' दिया जाए। यही कश्मीरी राजनीति की आधारभूत सोच है कि वे शेष भारत से अलग और विशेष दिखना चाहते हैं। ऐसी छूट क्यों दी जाए? गंभीर चुनौती आतंकवाद और अलगाववाद की है। आतंकवाद अब भी कश्मीर में चेतनायुक्त है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी समेत कश्मीर की प्रमुख छह राजनीतिक दलों का राजनीतिक समर्थन फिलहाल किसी भी राष्ट्रीय दल ने नहीं किया है।

अनुच्छेद 370 की समाप्ति और जम्मू-कश्मीर में नये कानून लागू होने के लगभग 14 महीने बाद कश्मीर की राजनीति में चहल-पहल शुरू हो गई है। इस कालावधि में एक-एक करके केंद्र सरकार ने कश्मीर के कई नेताओं को नजरबंदी से मुक्त किया है। पिछले दिनों राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती मुक्त हुई हैं। महबूबा से पूर्व नेश्नल कांफ्रेंस के नेता फारूख अब्दुल्ला, उनके पुत्र उमर अब्दुल्ला और कई अन्य नेता नजरबंदी से मुक्त हो चुके हैं। केंद्र सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था के दृष्टिगत राजनीतिक दलों व अलगाववादी नेताओं को नजरबंद किया था। लेकिन प्रदेश के प्रमुख नेताओं ने नजरबंदी से मुक्त होने के बाद अपना पुराना राग अलापना शुरू कर दिया है। नयी बात यह है कि अपनी राजनीति बचाने और सत्ता सुख की चाहत में घाटी के धुर विरोधी राजनीतिक दल एक छत के नीचे एकत्र होने लगे हैं। अनुच्छेद 370 और 35-ए की वापिसी की मांग लगभग सभी क्षेत्रीय दलों मुख्य मांग और एजेण्डा है। अनुच्छेद 370 और कश्मीर की स्थानीय पार्टियों की एकजुटता के बाद कश्मीर का राजनीतिक-सामाजिक वातावरण में गर्मी बढ़ेगी। हालांकि इसका राष्ट्रीय प्रभाव नहीं पड़ेगा और न ही राजनीतिक समीकरण बदलेंगे। यदि कश्मीर फिर अराजक होता है, तो बेशक यह एक राष्ट्रीय सरोकार है।

महबूबा मुफ्ती ने मुक्त होते ही अपने अलगाववादी एजेंडे को धार देनी शुरू कर दी है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35-ए को हटाने के केन्द्र सरकार के निर्णय को महबूबा ने गैर-संवैधानिक, गैर-लोकतांत्रिक और गैर-कानूनी माना था। मुक्त होने के बाद अब उसे पुनः प्राप्त करने के लिए संघर्ष की घोषणा महबूबा ने कर दी है। कुछ कश्मीरी इसे राजनीतिक आह्वान मान रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद डा. फारूख अब्दुल्ला ने अपने आवास पर कश्मीरी दलों के नेताओं को आमंत्रित किया है। विदित है कि अनुच्छेद 370 पर वे कोई प्रस्ताव पारित कर सकते हैं। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। संविधान पीठ इसकी सुनवाई करेगी। वह भी संतोष और भरोसा कश्मीरी दलों को नहीं है।

ऐसे में प्रश्न यह है कि क्या कश्मीर की राजनीति अब नई करवट लेगी? क्या कश्मीर के तमाम राजनीतिक दल, अपने विरोधाभासों, मतभेदों और मनभेदों को झटककर, एक ही छत के नीचे एकजुट हो सकेंगे? सबसे अहम प्रश्न है कि क्या अनुच्छेद 370 और 35-ए की संवैधानिक पुनः प्रतिष्ठा की कोई संभावनाएं हैं? क्या संसद अपने ही एक अहम निर्णय में अब संशोधन करने को सहमत होगी? पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35-एक को समाप्त करने के विरोध में प्रतिक्रियाएं व्यापक हो सकती थीं और जनाक्रोश भी भड़क सकता था, अतएव जन सुरक्षा कानून और अन्य कानूनी धाराओं के तहत संभावित विरोधियों को अभिरक्षा में लिया गया। कुछ बुजुर्ग और बड़े नेताओं को गेस्ट हाउस या उन्हीं के घरों में नजरबंद किया गया। एक रपट है कि करीब 4000 नेताओं और व्यक्तियों को अभिरक्षा में लिया गया। एक अन्य मीडिया रपट के अनुरुप 5161 लोगों को अभिरक्षा में रखा गया। अपुष्ट सूत्रों के अनुरुप यह आंकड़ा 600 और 200 भी बताया गया है। घाटी के सैकड़ों युवक कश्मीर से सैकड़ों मील दूर उत्तर प्रदेश की आगरा और मथुरा में अभिरक्षा में हैं। उनके पास संसाधन नहीं हैं, इसलिये उनकी आवाज न्यायालय तक भी नहीं पहुंच पाई है। इस तथ्य की महबूबा की बेटी इल्तिजा ने भी पुष्टि की है। जिन्हें मुक्त कर दिया गया है, अब भी अनुच्छेद 370 को वापस पाने को लेकर उनका रोष कम नहीं हुआ है। गत वर्ष नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के अलावा राज्य की तीन पार्टियों ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35 ए हटाये जाने के विरुद्ध मैदानी संघर्ष करने के लिए एकजुट होने के समझौते पर हस्ताक्षर किये थे। इनमें माकपा, जम्मू कश्मीर पीपुल्स कांफ्रेंस और जम्मू कश्मीर अवामी नेशनल कांफ्रेंस शामिल हैं। लेकिन आश्चर्य इस बात का है कि बैठक में कांग्रेस को बुलाने संबंधी कोई जानकारी नहीं है जो कि 370 और 35 ए हटाये जाने की विरोधी है। इसकी वजह गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस हाईकमान से रिश्ते बिगड़ जाना भी हो सकता है। अलगाववाद समर्थक हुर्रियत कांफ्रेंस चूँकि चुनावी प्रक्रिया से दूर ही रहती है इसलिए वह भी इस जमावड़े से अलग रहेगी। लेकिन सबसे बड़ा पेंच है नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के गठबंधन में स्थायित्व का क्योंकि अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवार के बीच सांप और नेवले जैसी शत्रुता रही है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बॉलीवुड में उच्च

बॉलीवुड में उच्च शिक्षित युवा क्यो नही चल पाते है ,जबकि अनपढ़, जाहिल, नशेड़ी, अंडरवर्ल्ड डॉन से संबंध रखने वाले ,घर मे अवैध हथियार रखने वाले ,संरक्षित जानवरों की हत्या करने वाले ,सड़क पर सो रहे लोगों पर गाड़ी चढ़ा देने वाले चल जाते है । बॉलीवुड में दलित ,पिछड़ा ,हिरो या हीरोइन ,लेखक,निर्देशक, गीतकार भी नही टिक पाते है ।

- एड. अरूण कुमार साहिल

जिन विपदाओं से

जिन विपदाओं से पुरुष भी है हार जातें उन कठिनाइयों का हल होती नारियाँ! नारियाँ दया व प्रेम,ममता की होती खान धरती का आज और कल होती नारियाँ! नारियाँ ही जन्म देती भगत-शेखर-शिवा राष्ट्र का सदा ही आत्मबल होती नारियाँ! नारियाँ जनम लेती तो पवित्र होते घर तार देने वाली गंगाजल होती नारियाँ!!

- सुनिल शर्मा नील

खास पाती | लजा रही धूप, समेट रहा हैं

लजा रही धूप, समेट रहा हैं कोहरा कोहरे सा प्रिय लजाई हुई धूप अपने दोनों हाथों से चादर मानो ओढ़ा रहा धूप खनकती हँसी समान बिखरा कर मोती हुई निहाल है! जादूगर मतवाला कोहरा समेट रहा है भर भर बाहें रोम रोम पुलकित तन मन सुवासित अवसाद डूब मरा है उन्माद सुबह का देखो न कितना सरस है! पृथ्वी किसी गीत पर ठुमक कर है घूम रहीं अहा! प्रणय गीत पर एक रिदम एक ही ताल पर लयबद्धता श्वास गति की दोनों की समान है! प्रकृति चरम सौंदर्य पर दृश्य अभिराम है! मौन में सम्वाद के सभी गुण विद्यमान है!

- मेनका त्रिपाठी

स्वर्ग क्या है मुझे नहीं पता



स्वर्ग क्या है मुझे नहीं पता, स्वर्ग है भी या नहीं ये भी नहीं पता, पर यदि स्वर्ग की अवधारणा है तो स्वर्ग का अहसास भी है। जब भी मैं किसी नन्हे बच्चे को गोद मे उठाती हूँ और उसके मुस्कुराते हुए चेहरे को मन भर आंखों से देखती हूँ तब मुझे स्वर्ग का अहसास होता है। मुझे ऐसा लगता है कि यदि दुनिया में कहीं स्वर्ग है तो हमीं अस्त, हमीं अस्त, हमीं अस्त ....।

- प्रीयंका प्रीयदर्शीनी

कोई कह रहा है मत खरीदो कोई

कोई कह रहा है मत खरीदो कोई कह रहा है कितना खरीदते हो!! का करें हम??कन्फूजिया गए हैं सच में?? नहीं खरीदने वाला नहीं खरीद रहा था लेकिन जो पूछ रहा है कितना खरीदते हो वह पक्का करोड़ दो करोड़ का जेवर खरीद ही लेगा। अजीब नौटंकी चल रही है विरोध का विरोध।

- दिव्या राकेश शर्मा

अगर भरोसे पर कुर्बान होने के

अगर भरोसे पर कुर्बान होने के जज्बे को देखना है तो दरवाजे पर लटके ताले को देखिए, ताला अपने मालिक के भरोसे पर खरा उतरने के लिए टूट कर कुर्बान होना स्वीकार कर लेता है, लेकिन किसी अन्य चाबी को स्वीकार नहीं करता। **-तीर्थ बडोनी**

दोस्त ! अक्सर हम जैसा सोचते हैं

दोस्त ! अक्सर हम जैसा सोचते हैं ! वैसा नही होता और यह दुख का कारण बन जाता है। लेकिन जब यह हमारा ÷संकल्प÷ बनता है, तब यह हमारे लिए प्रेरणा का अपूर्व स्त्रोत बनकर हमें सकारात्मक बदलाव के लिए प्रबल आत्मविश्वास प्रदान करता हैंऔर असंभव को संभव कर दिखाता है । **- राज चुन्नी शर्मा**

कुछ कह दिया कुछ रह गया जो

कुछ कह दिया कुछ रह गया जो कह दिया सब ने सुन लिया जो रह गया वो अंदर दफ्न हो गया जो सब ने सुना मान लिया जो अनकहा रह गया उसे कोई न जान सका।

- रमाजय शर्मा

आज हवा का रुख हुआ उधर तो

आज हवा का रुख हुआ उधर तो मैंने अपनी बात कह दी.. ना सितारे मेरे हुए. न चाँद ने की सिफारिश ज़रा हवा मे जो तेरी खुश्बू मिली मुझे, तो मैंने अपनी बात कह दी..... तेरे जाने से सहरा ने ख़ामोशी ओढ़ ली बहारों मे भी सिरकत नहीं तेरे नाम कि आज हवा ने छेड़ा तराना तेरा कि मैंने अपनी बात कह दी... हवा से मुख़ातिब तुम भी कुछ अर्ज़ करना खाक ए सुपर्द गीले शिकवे करना मेरी खबर का एहतराम करना.. कि मैंने तो अपनी बात कह दी।

- किरन भण्डारी

QUIZ TIME

1) बस्तर में दीपावली के दूसरे दिन सुबह बैलों को खिचड़ी खिलाकर कौन-सा त्यौहार मनाया जाता है? (दियारी / चेन्नई)

2) राज्य में 'पढ़बो पढ़ाबो, स्कूल जाबो' योजना कब लागू की गई?

3) छत्तीसगढ़ में किस खनिज के उत्खनन में 'राष्ट्रीय खनिज विकास निगम' संलग्न है?

4) छत्तीसगढ़ में पोस्टल सर्कल या डाक परिमण्डल का गठन कब हुआ था?

5) भारतीय रंगमंच निर्देशक , अभिनेता, नाटककार पटकथा लेखक और चलचित्र अभिनेता का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) दियारी (2) 3 जुलाई, 2001 (3) लौह-अयस्क (4) 12 नवम्बर, 2001 (5) हबीब तनवीर

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1605 - मुगल शासक अकबर का निधन। 1817 - इस्लामिक सुधारक और नेता सर सैयद अहमद खां का दिल्ली में जन्म। 1870 - कलकत्ता बंदरगाह को एक संवैधानिक निकाय प्रबंधन के तहत लाया गया। 1888 - वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन ने ऑप्टिकल फोनोग्राफ के पेटेंट के लिए आवेदन किया। 1912 - बुल्गारिया, यूनान और सर्बिया ने ओटोमन साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई की घोषणा। 1917 - प्रथम विश्व युद्ध में ब्रिटेन ने पहली बार जर्मनी पर हवाई हमले किये। 1933 - प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन नाजी जर्मनी से अमेरिका चले गये। 1941 - द्वितीय विश्व युद्ध में पहली बार जर्मनी की पनडुब्बी ने एक अमेरिकी पोत पर हमला किया। 1955 - हिन्दी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री स्मिता पाटिल का जन्म। 1970 - भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व लेग स्पिनर और कप्तान अनिल कुंबले का कर्नाटक की राजधानी बेंगलोर (अब बेंगलुरु) में जन्म। 1979 - मदर टेरेसा को शांति के लिये नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। 1998 - नाइजीरिया के जेसी शहर में एक पाइप लाइन विस्फोट में 1,082 लोगों की मौत हो गयी। 2003 - चीन ने अंतरिक्ष में एशिया के पहले और रूस के बाद तीसरे देश के रूप में अंतरिक्ष में मानव भेजने में सफलता प्राप्त की। 2009 - हिंद महासागर में स्थित मालदीव ने पानी के अंदर दुनिया की पहली कैबिनेट बैठक कर सभी देशों को ग्लोबल वार्मिंग (जलवायु परिवर्तन) के खतरे से आगाह करने की कोशिश की। 2013 - इराक में सिलसिलेवार हमले में 59 लोगों की मौत।

रणवीर के साथ धमाल मचाएंगी जैकलीन!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह और जैकलीन फर्नांडीस की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर धमाल मचाती नजर आ सकती हैं।

बॉलीवुड में चर्चा है कि फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी अस्सी के दशक में बनी सुपरहिट फिल्म 'अंगूर' का रीमेक बनाने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि लॉकडाउन के दौरान रोहित ने इस फिल्म पर काफी काम किया है और अब स्टार कास्ट भी फाइनल कर ली गई है और बहुत जल्द शूटिंग भी शुरू होती दिख सकती है। चर्चा है कि 'अंगूर' के रीमेक में रोहित शेट्टी, रणवीर सिंह और जैकलीन फर्नांडीस को कास्ट कर रहे हैं।

सिंबा और सूर्यवंशी के बाद अब तीसरी बार रोहित शेट्टी और रणवीर सिंह की ये जोड़ी साथ नजर आ सकती है। अंगूर में रणवीर के रोल को लेकर भी कई तरह के कयास लग रहे हैं। बताया जा रहा है कि रणवीर सिंह फिल्म में डबल रोल में दिखने वाले हैं। वे अंगूर में संजीव कुमार वाला किरदार निभाते दिखेंगे।

आमिर ने अक्षय की 'लक्ष्मी बम' के ट्रेलर की तारीफ की

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'लक्ष्मी बम' के ट्रेलर की तारीफकी है। राघव लॉरेंस के निर्देशन में बनीं 'लक्ष्मी बम' में अक्षय कुमार ने ट्रांसजेंडर का किरदार निभाया है। हॉरर-कॉमेडी 'लक्ष्मी बम में कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। यह फिल्म तमिल की सुपरहिट फिल्म 'कंचना' का हिंदी रीमेक है। 'लक्ष्मी बम' सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। यह फिल्म अब ओटीटी प्लेटफार्म डिज़्नी प्लस हॉटस्टार पर 09 नवंबर को रिलीज़ हो रही है। आमिर खान ने 'लक्ष्मी बम' की तारीफ करते हुए ट्वीट किया, ÷प्रिय अक्षय कुमार, क्या ज़बरदस्त ट्रेलर है, मेरे दोस्त। इसे देखने का इंतज़ार है। यह बड़ी हिट होगी। काश, थिएटर्स में रिलीज़ होती। और तुम्हारी परफॉर्मेंस शानदार है।

करीना ने पूरी की 'लाल सिंह चड्ढा' की शूटिंग

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' की शूटिंग पूरी कर ली है।

आमिर खान और करीना कपूर खान अभिनीत 'लाल सिंह चड्ढा' का निर्देशन अद्वैत चंदन कर रहे हैं। यह फिल्म हॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'फॉरेस्ट गंप' का हिंदी रीमेक है।

करीना कपूर खान ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। करीना सितंबर के आखिरी सप्ताह में शूटिंग के बचे हुए हिस्सों को पूरा करने के लिए दिल्ली रवाना हुई थीं, जिसे उन्होंने पूरा कर लिया है।

करीना कपूर ने आमिर के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। करीना ने लिखा, और सभी यात्राओं को आखिरी पड़ाव पर आना पड़ता है। आज, हमारी फिल्म लाल सिंह चड्ढा की शूटिंग का आखिरी दिन है।

प्रियंका ने शेयर किया 'द व्हाइट टाइगर' का फर्स्ट लुक

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी आने वाली फिल्म 'द व्हाइट टाइगर' का फर्स्ट लुक शेयर किया है। प्रियंका चोपड़ा, राजकुमार राव के साथ फिल्म 'द व्हाइट टाइगर' में नजर आने वाली हैं। प्रियंका ने इस फिल्म का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर रिलीज किया है। प्रियंका ने 'द व्हाइट टाइगर' से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं।प्रियंका ने फिल्म से जुड़े फर्स्ट लुक को साझा करते हुए लिखा कि इस फिल्म में उन्होंने पिंकी मैडम का किरदार अदा किया है। प्रियंका चोपड़ा ने लिखा, द व्हाइट टाइगर में मैंने पिंकी मैडम का किरदार अदा किया है, जो यूएस में पहली पीढ़ी की प्रवासी हैं। वह अपने पति के साथ भारत में हैं, जो कि बिजनेस के लिए सफर कर रहे हैं। और इसके बाद...जिंदगी ही बदल जाती है। पिंकी मैडम सच में बहुत ही खास किरदार है, इसे निभाना और इनकी कहानी को बताने में अलग ही खुशी है। यह ऐसी कहानी है, जिसे बताने की आवश्यकता है।

महंगा हुआ विमान ईंधन

नई दिल्ली (वार्ता)। तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार से विमान ईंधन के दाम बढ़ा दिये हैं। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में विमान ईंधन की कीमत 1,665 रुपये यानी 4.14 प्रतिशत बढ़कर 41,876.78 रुपये प्रति किलोलीटर पर पहुँच गई। कोलकाता में भी विमान ईंधन का भाव 1,666.95 रुपये बढ़कर 46,347.92 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। मुंबई में इसकी कीमत 1,234288 रुपये और चेन्नई में 1,695.44 रुपये बढ़ी। दोनों शहरों में एक किलोलीटर विमान ईंधन आज से क्रमशः 40,382.69 रुपये और 42,615.61 रुपये के भाव हो गया। विमान ईंधन की कीमतों की समीक्षा हर पखवाड़े की जाती है तथा नयी कीमतें हर महीने की पहली तारीख और 16वीं तारीख से प्रभावी होती है।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)

फोन नं. 07824-222108, 222308,

ईमेल- bemetaracmho@yahoo.com, dam.nrhmbemetara@gmail.com

पत्र क्र./एनएचएम/लेखा/2020-21/7290 बेमेतरा, दिनांक 15/10/2020

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला बेमेतरा अंतर्गत औषधी/ चिकित्सकीय उपकरण तथा चिरायु कार्यक्रम हेतु पुनः वाहन निविदा आमंत्रण सूचना।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला बेमेतरा अंतर्गत आषधी/चिकित्सकीय उपकरण तथा चिरायु कार्यक्रम हेतु 09 टैक्सी परमिट वाहन पुनः निविदा आमंत्रण की जाती है। अधिक जानकारी हेतु वेबसाईट www.bemetara.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला- बेमेतरा

संवाद-26713/1

एनएस इंडिया अपने हाइपरमार्ट रिटेल चेन को देगी विस्तार

रायपुर। एएम/एनएस इंडिया ने भारत के वृहद और शानदार एमएसएमई सेगमेंट को सर्वस देने वाले रिटेल आउटलेट के राष्ट्रीय नेटवर्क हाइपरमार्ट को रीलॉन्च करने और विस्तार देने का फैसला किया है। एएम/एनएस इंडिया का लक्ष्य अगले साल के अंत तक अपनेहाइपरमार्ट नेटवर्क को 50 आउटलेट तक विस्तार देना है 7 हाइपरमार्ट रिटेल, ट्रेड और अंतिम ग्राहक के लिए एक एकीकृत प्लेटफॉर्म है, जो फैब्रिकेटर, इंजीनियरिंग गुड्स और ऑटो कंपोनेंट जैसे क्षेत्रों में काम करने वाली एमएसएमई की स्टील की मांग को पूरा करता है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑर्डर को कस्टमाइज करने तथा एएम/एनएस इंडिया की मूल कंपनियों आर्सेलर मित्तल और निप्पोन स्टील कॉरपोरेशन की टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन से तैयार हाई क्वालिटी तथा वैल्यू एडेड प्रोडक्ट पाने का मौका मिलता है। हाइपरमार्ट ज्यादा आसानी और सहूलियत के साथ नए प्रोडक्ट लाइन उपलब्ध करा रहा है। एमएसएमई ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए हाइपरमार्ट वि वध रेंज के प्रोडक्ट के लिए वन स्टॉप सॉल्यूशन देता है एएम/एनएस इंडिया को वड-19 महामारी के बाद अर्थव्यवस्था को उबारने की दिशा में सरकार के प्रयासों के समर्थन में हाइपरमार्ट को नए सिरे सेविस्तार दे रही है।

भारतीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग खाद्य बाजार का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र : तोमर

नई दिल्ली (वार्ता)। कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को कहा कि हाल ही में लाए गए क्रांतिकारी कृषि कानूनों का देश में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और मौजूदा मंडी प्रणाली पर कोई असर नहीं पड़ेगा बल्कि किसानों को स्वंतत्रता मिलने और वैकल्पिक बाजार उपलब्ध होने से अब वे अपनी उपज मंडी परिसर के बाहर कहीं भी- कभी भी उचित दाम पर बेच सकेंगे और अधिक मुनाफा कमा सकेंगे। तोमर ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित इंडिया इंटरनेशनल फूड एंड एग्री वीक का शुभारंभ करते हुए कहा कि केंद्र की ओर से लाए गए क्रांतिकारी कृषि कानूनों का देश में एमएसपी और मौजूदा मंडी प्रणाली पर कोई असर नहीं पड़ेगा बल्कि किसानों को स्वंतत्रता मिलने तथा वैकल्पिक बाजार उपलब्ध होने से अब वे अपनी उपज मंडी परिसर के बाहर भी किसी को- कहीं भी- कभी भी उचित दाम पर बेच सकते हैं ।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, विधानसभा संभाग, रायपुर

क्रमांक- 5245/NIT-8/2020-2021/व.ले.लि. दिनांक 05/10/2020

प्रथम आमंत्रण

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 23/10/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि :- 26/10/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 28/10/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 29/10/2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम NoOfCalls साल्वेंसी राशि (रु.में)	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में)
1	2	3
8 T0060	साईंस कालेज स्थित C-Type Banglo में गार्डन रख-रखाव एवं लैण्डस्केपिंग कार्य। Form-B	5.00 5000.00 75000.00

// नियम व शर्तें //

8. निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि., विधानसभा संभाग
रायपुर (छ.ग.)

जी-84318/2

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने की वेतनभोगी ग्राहकों के लिए विशेष पेशकश की घोषणा

बैंगलोर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ;टीकेएम ने वेतनभोगी ग्राहकों के लिए एक विशेष पेशकश की घोषणा की है। इसका फायदा सरकारी कर्मचारियों के साथ.साथ निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को भी है। टोयोटा की विशेष पेशकश भावी ग्राहकों के लिए सपने की अपनी टोयोटा कार खरीदने का मौका है। यह खरीदने और फाइनेंस के आसान विकल्पों के जरिए संभव है। इस तरह उन्हें अपने और अपने परिवार की यात्रा के लिए एक सुरक्षित तरीका मिलेगा। यही नहीं इस योजना का चुनाव करने वाले इच्छुक ग्राहक टोयोटा के अनूठे ईएमआई से तीन महीने की छुट्टी की पेशकश का भी लाभ उठा सकते हैं। हाल में घोषित सरकार की नकद पैकेज योजना के तहत कर्मचारी एलटीसी/एलटीए के समतुल्य राशि के नकद पुनर्भुगतान का दावा कर सकेंगे। इसमें छुट्टी का नकदीकरण और एलटीएध्एलटीसी का किराया शामिल है तथा इसपर आयकर की छूट भी मिलेगी जो इस समय एलटीसीध्एलटीए पर उपलब्ध है। इसके लिएए कुल राशि से ज्यादा खर्च करना होगा और यह खर्च उन सामानों तथा सेवाओं पर करना होगा जिसपर जीएसटी 12% और ज्यादा है। वेतनभोगी ग्राहक विशेष टोयोटा फेस्टिव ऑफर को विशेष नकद पैकेज से मिला सकते हैं। इसकी घोषणा वित्त मंत्रालय ने हाल में की है। इससे कार खरीदने के शुरुआती बोझ को कम किया जा सकता है और कार खरीदना आसान बनाया जा सकता है। सरकारी कर्मचारियों के मामले में सरकार ने जिस विशेष त्यौहारी एडवांस की घोषणा की है उससे उन्हें 10,000 रुपए बतौर ब्याज मुक्त एडवांस हासिल करने में मदद मिलेगी।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 104/2020-21
वार्ड का नाम-डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी-61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्थित मकान/ भूमि 63/सी/360 हल्का तालाब मठपुरैना जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती श्वेता सोनी पति श्री प्रकाश सोनी के नाम से दर्ज है, जिसको 1. श्री गणेश राव पिता श्री लखन राव 2. श्रीमती सुमन बाई पति श्री गणेश राव ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 106/2020-21
वार्ड का नाम-डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी-61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्थित मकान/ भूमि 63/आर/1029 रावतपुरा नगर मठपुरैना जो कि निगम अभिलेख में 1. श्री गोपाल ओझा पिता स्व. श्री राजनारायण ओझा 2. श्री दुलारू राम सोनकर पिता स्व. श्री हरिचन्द्र सोनकर के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती पुजा बल्लेवार पति श्री शशांक बल्लेवार ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 85/20-21
वार्ड का नाम- रानी लक्ष्मीबाई-10

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी लक्ष्मीबाई 10 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ लक्ष्मीनगर मोवा जो कि निगम अभिलेख में श्री शहिद अहमद/ अ. हकीम के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती परमिला/ पीलाराम वर्मा रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 16/10/20
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 86/20-21
वार्ड का नाम- रानी लक्ष्मीबाई-10

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी लक्ष्मीबाई 10 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ अशोका रतन जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती सुरूचि मिश्रा/ सुभाष मिश्रा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री हरप्रीत सिंह ढोडी s/o जितेन्द्र 2. रनदीप ढोडी s/o हरप्रीत रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 16/10/20
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

// बिजली बंद की सूचना //

समस्त सम्मानिय उच्चदाब एवं निम्न दाब उपभोक्ताओं को सुचित किया जाता है कि आरंग उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र में दीपावली पूर्व मेंटेनेस कार्य हेतु उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडरों में निम्नलिखित तिथियों को विद्युत प्रवाह अवरूध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

क्रं.	दिनांक	उपकेंद्र का नाम	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	19.10.2020	सुबह 09:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक	11 के.व्ही. दीनदयाल फीडर एवं अटल आवास फीडर	दीनदयाल कालोनी आरंग एवं अटल आवास आरंग के समस्त विद्युत उपभोक्ता।
2	20.10.2020		11 के.व्ही. पारागांव टाउन फीडर	परागांव, पंधी के समस्त विद्युत उपभोक्ता एवं 11 के.व्ही उच्चदाब उपभोक्ता मे.अनंत राईस इंडस्ट्रीज
3	21.10.2020		11 के.व्ही. टाउन 1 फीडर	पारागांव के समस्त विद्युत उपभोक्ता। खरोरा रोड, कालेज चौक, सुमन कॉलोनी, इंदिरा चौक, सदर रोड बस स्टैण्ड 11 के.व्ही. उच्चदाब उपभोक्ता मे. शांती लाल प्रकाशचंद राईस मील, डिविजनल ईले, इजी. रेल्वे आरंग के समस्त विद्युत उपभोक्ता।
4	22.10.2020		11 के.व्ही. रसनी टाउन फीडर	परागांव, पंधी खार, बैहार के समस्त विद्युत उपभोक्ता।
5	23.10.2020		11 के.व्ही. टाउन 2 फीडर	खमतराई चौक, ब्लाक कालोनी कालोनी बागेश्वर, नेताजी चौक, गुडियारी पारा ,सी.एच.सी. के समस्त विद्युत उपभोक्ता।
6	24.10.2020		11 के.व्ही. राटाकाट	राटाकाट गांव, अघरीया प्लाट के समस्त विद्युत उपभोक्ता।
7	19.10.2020	सुबह 10.:00 बजे से शाम 05.00 बजे तक	11 के.व्ही समोदा बस्ती फीडर	समोदा, चपरीद, रानीसागर
8	20.10.2020		11 के.व्ही. सेमरिया बस्ती फीडर	परसदा, कुसमुंद, सेमरिया
9	21.10.2020		11 के.व्ही. कागदेही फीडर	कागदेही
10	22.10.2020		11 के.व्ही. कुरुद बस्ती फीडर	कुरुद , करमंदी, हरदीडीह
11	23.10.2020		11 के.व्ही. चिखली बस्ती फीडर	कुटेला, मोहमेला, चिखली, जुनवानी
12	24.10.2020		11 के.व्ही. अमसेना फीडर	धौराभाठा, अमसेना, कोडापार , परसवानी, धोमभट्ठी
13	26.10.2020		11 के.व्ही. संकरी फीडर	संकरी, चोरभट्ठी, कोरासी
14	27.10.2020		11 के.व्ही. अमोदी फीडर	अमोदी, बजरंगभाठा, केशला, रसौटा
15	28.10.2020		11 के.व्ही. भण्डारपुरी फीडर	पिरदा, भैंसमुड़ी, कुलीपोटा, भण्डारपुरी
16	29.10.2020		11 के.व्ही. खमतराई फीडर	खमतराई, कलई
17	30.10.2020		11 के.व्ही. कलई फीडर	खमतराई, कलई, अमेठी
18	31.10.2020		11 के.व्ही. मेट्स कॉलेज फीडर	मे. रेणुक देव राईस मिल, मेट्स कॉलेज
19	02.11.2020		11 के.व्ही. परसकोल फीडर	परसकोल, देवरी, रानीसागर, गुल्लु
20	03.11.2020		11 के.व्ही. अकोली फीडर	अकोलीकला, भोथली, गुखेरा
21	04.11.2020		11 के.व्ही. नरसिंगपुर फीडर	घोंट

''विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराऐं।''
''विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे'' ''स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए''

असुविधा के लिए खेद है

(एस. के. गुप्ता)
कर्म. संख्या 9510850
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., अटल नगर, नवा रायपुर

संवाद-26725/1

न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-6/2020-21 ग्राम-भाटापारा प.ह.नं. 11

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद कुमार थारानी पिता खेमचंद खारानी निवासी वीआईपी बस्ती मुंशी इस्माईल वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम भाटापारा प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. भाटापारा तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 155/17 रकबा 0.1020 हे. लगान 195.20 रुपए भूमि राजस्व अभिलेख में अतोराबाई पति खेमचंद थारानी के नाम पर दर्ज है, जिसके मृत्यु दिनांक 10/12/2016 को भाटापारा में हो चुका है, जो अपने जीवनकाल में खसरा नंबर 155/17 रकबा 0.1020 हे. जो खसरा नंबर 155/4, 155/5 से बना है, भूमि को अपने पुत्र विनोद कुमार थारानी पिता खेमचंद थारानी के पक्ष में दिनांक 01/08/2007 को वसीयतनामा/ अंतिम इच्छा पत्र निष्पादित किया गया है, जिसके आधार पर आवेदक के द्वारा राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 21.10.2020 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 21.10.2020 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 07.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
भाटापारा छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार स.लोहारा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

लोक हित प्रकाशन ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दिपेश जैन आ. श्री ज्ञानचंद जैन निवासी मकान नं. 199 वार्ड नं. 15 दुर्ग मार्ग गण्डई तहसील गण्डई जिला राजनांदगांव द्वारा स्वयं की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम भैसबोड़ प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. बीरेंद्रनगर तहसील सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम स्थित भूमि ख.नं. 169/3 कुल रकबा 0.405 हेक्टेयर में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर छ.ग. अंतर्गत पेट्रोल/ डीजल पंप स्थापना के संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में श्रीमान कलेक्टर महोदय को प्राप्त हुआ है जो श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा के माध्यम से पेट्रोल नियम 2002 के नियम 44 के तहत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश सहित इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है जिसकी सुनवाई दिनांक 31.10.2020 को नियत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 16.10.2020
पेशी दिनांक 31.10.2020

सील
नायब तहसीलदार
सहसपुर लोहारा

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बालोद जिला-बालोद (छ.ग.)

क्र./2119/राजस्व विभाग/2010
बालोद दिनांक 16/10/2020

छत्तीसगढ़ नगर पालिका विधान 1961 की धारा 150 के तहत

- ईश्तहार -

सर्व साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है कि वार्ड नंबर 03 मार्ग/गली नंबर नयापारा स्थित मकान नंबर 07 में श्री बेनूराम साहू आत्मज स्व. सुकलाल साहू की नाम दर्ज है। घर अपना नाम दर्ज करने हेतु श्री रामअवतार साहू आत्मज स्व. बेनूराम साहू ने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी दावेदार को इस संबंध में आपत्ति हो तो वह मूल प्रमाण सहित इस सूचना प्रकाशित के 30 दिन में निम्न हस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने पर या अवधि के पश्चात एवं बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नामांतरण का नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

सूचना हो
दिनांक 16/10/2020

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बालोद

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 87/20-21
वार्ड का नाम- महात्मा गांधी-12

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि महात्मा गांधी 12 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ पंडरी मार्केट जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती हरवंश कौर सलुजा s/o जसवंत सिंह सलूजा के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती विमलेश कौर सलुजा w/o जसबीर सिंग रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 16/10/20
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 88/20-21
वार्ड का नाम- रानी लक्ष्मीबाई-10

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी लक्ष्मीबाई 10 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ अशोका रतन जो कि निगम अभिलेख में श्री गणेश प्रसाद खेतान/ तेजपाल खेतान के नाम से दर्ज है, जिसको श्री दीपक त्यागी s/o स्व. चन्दूराज रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 16/10/20
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202010114100005/09
अ/74- 2020-21
ग्राम- अमोदी, प.ह.नं. 44

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिसम्भर यादव पिता खेमूराम यादव निवासी ग्राम अमोदी, तहसील आरंग ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम अमोदी, प.ह.नं. 44, रा.नि.मं. समोदा, तहसील आरंग, जिला रायपुर स्थित शामिलात खाते की भूमि ख.मनं. 141/1 का रकबा 0.350 हेक्ट. भूमि में बिसम्भर, मन्नू, बिसे, विशाल पिता खेमू यादव का नाम राजस्व अभिलेख में भूमि स्वामी के रूप में दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका ग्राम अमोदी में दिनांक 25.08.2020 को असावधानीवश कहीं गुम/ खो गई है, जो ढूंढने पर भी आज दिनांक तक अप्राप्त है। ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण कृषि विकास संबंधी कार्य, बैंकिंग लेनदेन में असुविधा हो रही है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका की मांग किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 23.10.2020 को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 07.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
आरंग

मालगांव पुल में तीन बाइक की भिड़ंत, एक की मौत, दो गंभीर

गरियाबंद। गुरूवार शाम नेशनल हाईवे में पैरीनदी मालगांव पुल में तीन बाइक की जबर्दस्त भीड़त में एक 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वही घटना में पांच लोग घायल हो गए। जिसमें दो की स्थिति नाजुक है। जिसे तत्काल रायपुर रिफर किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना शाम 7 बजे के आसपास की है। पैरीनदी मांगलाव में दो बाइक में चार लोग गरियाबंद से राजिम की ओर जा रहे थे जिसकी सामने से गरियाबंद की ओर आ रहे बाइक से आमने सामने भीड़त हो गई। भीड़त इतनी जबर्दस्त थी कि एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि धमतरी जिले के सिहावा थाना अंतर्गत ग्राम उमरगांव के दो सगे भाई मुकेश ध्रुव (27) व नारायण ध्रुव पिता लखनलाल ध्रुव बाइक क्रमांक सीजी 05 एबी 1183 में गरियाबंद की ओर आ रहे थे। इसी दौरान बारूका के हिरेन्द्र पटेल पिता बिसहत पटेल (27) व वैभव लक्ष्मी पिता रामगोपाल सिन्हा (21) बाइक क्रमांक सीजी 04 एमडी 8365 व ग्राम

भेजराडीह के पिता पुत्र हुम्मन सिंह पिता मानसिंग (40) व नारायण सिंह पिता हुम्म्न सिंह (14) गरियाबंद से राजिम की दिशा में जा रहे थें। तीनो की मालगांव में पुल में चिखली मोड़ के पहले जबर्दस्त भीड़त हो गई। जिसमें बाइक चला रहे धमतरी जिले के 27 वर्षीय युवक मुकेश ध्रुव की मौके पर ही मौत हो गई। वही बारूका की 21 वर्षीय वैभव लक्ष्मी व भेजराडीह के 40 वर्षीय हुम्मन सिंह को गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें वैभव लक्ष्मी की स्थिति ज्यादा नाजुक बताई जा रही है। दोनो को तत्काल रायुपर रिफर किया गया। वही घटना में अन्य बाइक सवार को मामुली चोट आई है जिसका प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया।

इसके पहले घटना की सुचना मिलते ही तत्काल पुलिस और संजीवनी 108 मौके पर पहुची। संजीवनी 108 की मदद से घायलो को जिला अस्पताल पहुचाया गया। इस बीच घटना के बाद कुछ देर तक नेशनल हाईवे में दोनो तरफ वाहनो की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने घायलो को अस्पताल भेजने के बाद घटनास्थल को खाली कराया और वाहनो की आवाजाही तत्काल बहाल की। थाना प्रभारी विकास बघेल ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

लाकडाउन के बाद थाना क्षेत्र में पहली बड़ी घटना

ज्ञात हो कि लाकडाउन के दौरान आवाजाही बंद या कम होने के कारण सड़क दुर्घटना में काफी कमी आ गई थी। शुरू के चार तीन महिने एक भी दुर्घटना नही हुई थी। गुरूवार को हुई सड़क घटना मार्च में लाकडाउन के लगने के बाद छ महिने की अंतराल में सीटी कोतवाली थाना क्षेत्र की पहली बड़ी घटना है। इन छ महिनो में सड़क दुर्घटना की में किसी की मौत नही हुई थी।

10 लीटर महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

महासमुंद। बागबाहरा पुलिस ने बुधवार को बाइक से महुआ शराब का परिवहन करते एक युवक को पकड़ा है। युवक से दस लीटर महुआ शराब जब्त की गई है। आरोपी के खिलाफआबकारी एक्ट 34 (2) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भानपुर नया तालाब के पास एक हीरो होण्डा सीडी डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 पी 7360 को घेराबंदी कर आरोपी वार्ड नं 01 भानपुर निवासी अशोक नायक पिता पुनित राम नायक (38) के कब्जे से एक काला बैग से दस लीटर वाली सफेद प्लास्टिक जरकीन में 10 लीटर महुआ शराब कीमती 2 हजार रूपए एवं मोटर साइकिल कीमती 15 हजार रूपए जुमला कीमती 17 हजार रूपए जब्त की गई है। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाए जाने पर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

नुकीली वस्तु से मारकर पहुंचाई चोट

महासमुंद। शहर के वार्ड 4 में कोरोना संक्रमित मरीज को अस्पताल में भर्ती नहीं किए जाने की बात को लेकर विवाद हो गया। रामेश्वर देवार ने कड़ी देवार पिता सजनू देवार की पत्नी कोरोना संक्रमित है उन्हें अस्पताल में भर्ती नहीं करने का कारण पूछने पर उसने नुकीली वस्तु से मारकर चोट पहुंचाई। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

17 लीटर महुआ शराब बरामद

महासमुंद। सरायपाली पुलिस ने एक घर से 17 लीटर महुआ शराब जब्त की है। पुलिस ने बताया कि भैयाराम चौहान पिता निर्भय (45) घर में करीब 17 लीटर महुआ शराब छिपाकर रखी थी। मुखबिर की सूचना पर घर में दबिश देकर शराब जब्त की। आरोपी के खिलाफआबकारी एक्ट 34 (ए) के तहत कार्रवाई की गई है।

गाड़ी खड़ी करने पर रॉड से हमला

महासमुंद। बेलसोंडा के मेडिकल स्टोर्स के सामने गाड़ी खड़ी करने की बात पर युवक पर रॉड से हमला कर घायल कर दिया। तेजराम धीवर ने बताया कि रोहित सेन ने गाड़ी खड़ी कर दी थी। पूछने पर उसने रॉड से हमला कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

दशहरा मैदान में कलाकार पहुंचेंगे लेकिन मंचन नहीं होगा

महासमुंद। दशहरा को लेकर इस बार उत्साह फीका रहेगा, क्योंकि इस बार रामलीला का मंचन नहीं होगा और न ही रावण भाठा में मेले का आयोजन होगा। कोरोना संक्रमण को देखते हुए प्रशासन ने यह फैसला लिया है। इस बार दशहरा पूरी सादगीपूर्ण व कोविड-19 के गाइडलाइन का पालन कर मनाया जाएगा। केवल 50 लोग ही दशहरा मैदान में उपस्थित रहेंगे। इधर, पालिका ने बुधवार को शांति समिति की बैठक ली। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी व दशहरा समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। एसडीएम सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि दशहरा मैदान में कलाकार पहुंचेंगे लेकिन मंचन नहीं होगा। रावण का दहन होगा। इसके अलावा आतिशबाजी भी नहीं होगी।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

महासमुंद। राष्ट्रीय राजमार्ग ग्राम सिंघुपाली के पास कार की ठोकर से एक बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार गांव का ही निवासी है। पुलिस के अनुसार ग्राम सिंघुपाली निवासी राजेश साहू पिता रामू साहू (21) अपनी बाइक सीजी 06 जीएन 8457 से पिथौरा आया हुआ था। काम खत्म करने के बाद दोपहर दो बजे वह घर जा रहा था। जब वह मुख्य सड़क पार कर रहा था, उसी दौरान रायपुर की ओर से आ रही कार क्रमांक यूके 08 एटी 8090 का चालक तेज एवं रफ्तार से चलाते हुए उन्हें ठोकर मार दिया। इससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई साथ ही कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई।

श्रम यशस्वी पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

बेमेतरा/साजा । श्रम के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति/संस्था को स्व. रामानुज प्रतापसिंह देव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार प्रतिवर्ष दिया जाता है। जिसके अंतर्गत 02 लाख रूपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। श्रम पदाधिकारी द्वारा दिये गये जानकारी अनुसार ऐसे श्रमिक/संस्था जिन्होने ''श्रम के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 में किये गये उल्लेखनीय योगदान के आधार पर चयनित किया जायेगा।

विपरीत मौसम ओला युक्त पानी एवं नम हवा से क्षेत्र में धान की बालियां कट कर खेतों में गिर रहीं

कुंडा। इस बरस सब के भरण पोषण करने वाले किसान एक और जहां कोविड-19 कोरोना वायरस के संक्रमण से परेशान होते रहे वही दूसरी ओर मानो प्रकृति का मार भी केवल किसानों के लिए ही है।

इस वर्ष प्रायः प्रायः लगातार विपरीत मौसम के कारण बीच-बीच में रुक रुक कर ओला युक्त बारिश होते रहा है, कभी तेज गर्मी, कभी तेज हवा, कभी तेज उमस । कुल मिलाकरके मौसम के इस मार को धान अन्नपूर्णा माता काफी हद तक सहा। जैसा कि किसान सदैव संतोषी होते हैं किसान प्रकृति के इस प्रकोप को भी सह लिया था। लेकिन जैसे ही धान की बालियां पककर तैयार हुआ और किसान उसे काटने के लिए खेतों में पहुंचे तब

मालूम हुआ कि इन सब विषम परिस्थिति और विपरीत मौसम को झेलते झेलते धान की बालियां खस्ताहाल हो चुका था और कुछ खेतों में अल्प मात्रा में तो कुछ खेतों में अधिक मात्रा में धान की बालियां झड़ने लगा । इसे देखकर क्षेत्र के किसान नेता यशवंत चंद्राकर के साथ ही साथ ग्राम पंचायत पटूवा के उप सरपंच अदुराम यादव हथमुडी से बालमुकुंद चंद्रवंशी, पेंड्रीकला से सुरेश चंद्राकर ,खमरिया से पिंटू चंद्राकर, सुकली गोविंद से शंभू चंद्राकर आदि खेत एवं किसानी से संबंध रखने वाले लोगों ने क्षेत्र के कुछ एक गांव में जाकर दौरा किया। उन्होंने पाया कि सभी जगह यह बीमारी देखने में आया है जिससे आहत होकर किसान नेता यशवंत चंद्राकर ने शासन प्रशासन से मांग किया है कि इसकी क्षतिपूर्ति के लिए सरकार को 6/4 के तहत किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए एवं किसानों के वजूद को बचाए रखने के लिए उन्हें मुआवजा अवश्य देना चाहिए और यह उसका सरकार के प्रति व्यवहारिक अधिकार भी है । अगर सरकार अन्नदाता के इस विषम परिस्थिति में कंधे से कंधा मिला कर खड़ा हो जाती है तो निश्चित ही यह सरकार का किसानों के प्रति एक बहुत बड़ी अहम भूमिका होगी ।

धरसा विकास योजना का किया स्वागत

साजा। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों व कृषि के हितों का लगातार उचित ध्यान देकर की जा रही विभिन्न हितकारी योजनाओ में प्रारंभ की जा रही धरसा विकास योजना का सेवा सहकारी समिति मर्यादित साजा अध्यक्ष कृष्णा राठी ने स्वागत करते हुए किसानों की तरफ से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषिमंत्री रविन्द्र चौबे का आभार जताया है। राठी ने कहा कि धरसा योजना सरकार की गांव, गरीब, किसान व कृषि विकास की सोच है। किसानों को अपने खेत तक पहुँचने, खाद बीज पहुचाने सुगम सड़क आवागमन का साधन इस योजना से प्राप्त होगा। जिससे आने वाले समय मे कृषि, किसान विकास की तरफतेजी से अपने कदम बढ़ा सकेंगे। ग्रामीण स्थानों पर सरकार की मंशा है कि गांव के मुख्य स्थलों तक जाने वाली सड़क को जो वर्तमान में कच्ची सड़क है उसे पक्का सड़क निर्माण किया जावेगा। गांव में किसानों के खेत खलिहान, कोठार बाड़ी, गोठान, तालाब की तरफजाने वाली सड़क अब पक्के सड़क निर्माण किये जावेंगे, जिससे किसानों, ग्रामीणों को अच्छी सुविधा मिलेगी। इसलिए सरकार ने इस योजना को धरसा विकास योजना का नाम दिया है जो गांव गरीब किसान से जुड़ा योजना है।

करौली की घटना से नाराज वृन्दावन, नाथद्वारा और जग्गनाथ मंदिर के महंतों ने की दुधाधारी मठ की सराहना, कहा देश में यह अभिनव पहल

बेमेतरा/साजा। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं दुधाधारी मठ के महंत से अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव डॉ सौरभ निर्वाणी और आलोक पांडेय ने मुलाकात कर राजस्थान के करौली में मंदिर के पुजारी बाबू लाल वैष्णव को जिंदा जला देने की घटना पर वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के सदस्यों ने राज्य के अलग अलग मठ मंदिरों से आये आर्थिक योगदान की जानकारी सौंपी, दुधधारी मठ के महंत रामसुंदर दास के साथ अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल राजस्थान के करौली जाकर पीड़ित परिवार को मूलभूत आवश्यकताओं के लिए मदद कर रहा है, वृंदावन राधा रमन मंदिर के महंत भगवताचार्य कार्तिक कृष्ण गोश्वामी, नाथद्वारा राजस्थान के ट्रस्टी मोहन शास्त्री, जग्गनाथ मंदिर के ट्रस्टी सदस्य तन्मय स्वामी ने भी अपना सहयोग देकर दुधाधारी मठ के महंत रामसुंदर दास जी की भूरी भूरी प्रसंसा करते हुए इसे देश के लिए एक अभिनव और अनुकरणीय पहल बताया है।

साल पूरा होने को लेकिन नहीं सुलझी युवक की हत्या की गुत्थी

- परिजनो ने फिर लगाई एसपी से जांच की गुहार
- पुलिस जांच में बरत रही कोताही

गंडई पंडरिया। छुईखदान थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सूराडबरी मे युवक की मौत का कारण एक साल पूरा होने को है लेकिन यह गुत्थी सुलझ नहीं पाई है। मौत की जांच हेतु छुईखदान थाना मे रिपोर्ट दर्ज कराई गई है लेकिन पुलिस जांच मे कोताही बरत रही है और गोल मोल जवाब दिया जा रहा है। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगने लगा है। आज पर्यंत गुत्थी नहीं सुलझने से परेशान होकर परिजनो ने फिर से एसपी को गुहार लगाते हुये जांच की मांग कर दोषियो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है ।

क्या था पूरा मामला : उल्लेखनीय है कि गत 11 नवंबर 2019 को ग्राम सूराडबरी निवासी शांतिलाल लोधी पिता शत्रुहन लोधी उम्र 20 वर्ष कि मौत हुई थी। युवक का शव उसके नए मकान में रस्सी से फांसी पर लटकती मिली थी। मौत के कारण का खुलासा नहीं होने से पुलिस को लेकर लोगों में निराशा देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार मृतक शांतिलाल अपने परिवार से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित नए मकान में प्रतिदिन सोने जाता था घटना के दिन भी वह सोने के लिए नए मकान में गया था। रोज की तरह मृतक की भाभी उसे उठाने गई तो युवक की लाश को छत से लटकते देखा। उसके पैर जमीन से स्पर्श कर रहे थे मृतक के कमरे में नींबू बंदन आदि पाया गया था। परंतु ग्रामीणों को संदेह है कि जादू- टोना के लिए शांतिलाल की बलि दिया गया है। परिजनो ने जादू -टोने से ही हत्या की आशंका जताई है । मृतक के पिता शत्रुहन लोधी ने बताया की छुईखदान थाना मे घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी लेकिन छुईखदान पुलिस द्वारा जांच मे कोताही बरती गई और आज तक दोषी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई इससे परेशान होकर अब परिजन पुलिस अधीक्षक को 16 अक्टूबर को जांच की मांग हेतु गुहार लगाई है।

बाहर से बंद था कमरे की कुंडी : परिजनो के मुताबिक मृतक का कमरा बाहर से बंद था जिसे खोल कर उसकी भाभी ने अंदर प्रवेश किया था। फांसी पर लटकने के लिए टेबल कुर्सी आदि का प्रयोग किया जाता है पर वह भी मौके पर नहीं पाया गया लाश जमीन पर टिकी हुई थी छत की ऊंचाई लगभग 11 फीट है।

मोहल्ला क्लास में भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई

कवर्धा। कोरोना संक्रमण काल में लगातार शाला बंद होने के बाद भी निरंतर पढ़ई तुंहर दुआर मोहल्ला क्लास के माध्यम से जिले में अलग-अलग गली मोहल्ले में पढ़ाई कराई जा रही है। इसी तारतम्य में शासकीय प्राथमिक शाला डगनिया में गुरूवार को प्रधान पाठक श्री प्रशांत विश्वकर्मा व शिक्षक श्री परमेश्वर साहू की उपस्थिति में मोहल्ला क्लास में विद्यार्थियों को देश के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के जन्म दिवस पर विश्व छात्र दिवस के रूप में मनाया गया।

विकासखंड बोड़ला के शासकीय प्राथमिक शाला डगनिया, संकुल केंद्र महाराजपुर में निरंतर कक्षा का संचालन हो रहा है। विद्यार्थी सम्मिलित होकर पढ़ाई कर रहे हैं, पढ़ाई के साथ-साथ शिक्षको द्वारा विभिन्न प्रकार की विधा जैसे रंगोली, चित्रकला, योगा का कार्यक्रम बीच-बीच में विद्यार्थियों को कक्षा में सिखाया जाता है। विषय की पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और विभिन्न प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थी भी सीख रहे हैं। गुरूवार के कार्यक्रम में प्रभारी प्रधान पाठक द्वारा मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम की जीवनी पर प्रकाश डाला गया तथा विद्यार्थियों को छात्र जीवन के महत्व को समझाया गया। शिक्षक सारथी परमेश्वर साहू द्वारा विद्यार्थियों को प्रार्थना व योगा का छात्र जीवन में महत्व को समझाया। ग्राम में संचालित मोहल्ला कक्षा से पंच पालक गण व अध्यक्ष शाला प्रबंध समिति द्वारा शिक्षकों व शिक्षक सारथी के प्रयासों का प्रशंसा किया जा रहा है उनके कार्यों से प्रसन्न है तथा युवको के लिए प्रेरणादायक मानते हैं।

आरंग कॉलेज के जनभागीदारी अध्यक्ष बने डॉक्टर भारद्वाज

आरंग। छग शासन के मंत्री रविंद्र चौबे प्रभारी मंत्री संसदीय कार्य विधि एवं विधायी कार्य एवं अन्य विभाग के अनुशंसा पर कलेक्टर रायपुर द्वारा महामाया पारा आरंग निवासी नगर पालिका के पूर्व एल्डरमेन डॉ विष्णु भारद्वाज को शासकीय बद्री प्रसाद लोधी कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय आरंग कॉलेज के जनभागीदारी विकास समिति के अध्यक्ष पद हेतु नियुक्ति किया गया। डॉ भारद्वाज ने अपनी नियुक्ति पर आरंग विधायक व नगरीय प्रशासन एवम श्रम मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है वही बधाई देने वालो में प्रमुख रूप से आरंग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल सिंग साहू,नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, उपाध्यक्ष नरसिंग साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल कादिर, जोन अध्यक्ष दीपक चंद्राकर, एल्डरमेन मंगमूर्ति अग्रवाल ,गणेश बांधे,सदाराम जलक्षत्री राजेश्वरी साहू पार्षदगण शरद जीतू गुप्ता,समीर गौरी,धनेश्वरी खिलावन निषाद, दीक्षा सूरज सोनकर, गौरी बाई देवांगन राममोहन लोधी सहित नगर अनेक लोगो ने उज्वल भविष्य की शुभकामना के साथ बधाई दिए।

बूढ़ी मां की देखरेख की सजा दिए अफसरों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग

देवभोग। शुभम पात्र आत्महत्या की घटना के बाद जहां एक ओर क्षेत्र में गमगीन का माहौल है। तो अब दूसरी ओर जिम्मेदारों पर आरोपों की झड़ी शुरू हो गई है । तहसील एवं अनुविभाग कार्यालय का अतिरिक्त भार देकर प्रताड़ित करने के साथ-साथ शुभम का ट्रांसफर के लिए 25000 मांग किए जाने का आरोप भी मृतक की मां भारती देवी ने जिम्मेदारों पर लगाया है। उल्लेखनीय है कि बीते गुरुवार को लिपिक शुभम पात्र ने अपने निवास पर सुसाइड नोट छोड़कर आत्महत्या कर लिया छुट्टी के लिए लगातार मांग करने के बाद भी तहसीलदार द्वारा छुट्टी नहीं दिया जाता था। बकायदा मेडिकल सर्टिफिकेट देने पर भी छुट्टी की मंजूरी नहीं मिलती थी। बल्कि और ज्यादा प्रताड़ित करने किए जाने की बात सामने आ रही है । जबकि मृतक शुभम पात्र अपनी बूढ़ी मां की खराब तबीयत को लेकर कईयों बार जिम्मेदार अधिकारियों से साझा किया ताकि मानवता को देखते हुए छुट्टी स्वीकृत किया जाए। इसके अलावा शुभम अपनी मां की देखभाल अच्छी तरह कर सके इसके लिए ट्रांसफर को लेकर 5 से ज्यादा बार पत्र दिया बकायदा मंत्री से मार्क कर भी जिम्मेदार अधिकारी के समक्ष गुहार लगाया। लेकिन अफसोस

की बात है कि 25000 मांग की पूर्ति नहीं करने के चलते मृतक का ट्रांसफर नहीं हो पाया यही वजह है कि गरियाबंद नगर पालिका अध्यक्ष गप्पू मेमन के अलावा ब्राह्मण समाज लिपिक संघ कांग्रेस पार्टी के साथ साथ अधिकांश लोगों की जुबान पर न्यायिक जांच एवं कार्यवाही की मांग हो रही है। ताकि दोषियों के खिलाफ न्याय पूर्ण कार्यवाही हो और अन्य कर्मचारी भविष्य में इस तरह के प्रताड़ित से बच पाएं जिसे ध्यान में रखते हुए लिपिक संघ भी तहसीलदार पर आरोप लगाते हुए कह रहे हैं। कि तहसीलदार अपने अधिकार से बाहर जाकर मृतक के खिलाफ कार्यवाही किया है। इसलिए न्यायिक जांच की मांग उठ रही है। और मांग को गंभीरता से नहीं लेने की स्थिति में प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दिया है। इसके अलावा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भाव सिंह साहू अजा प्रकोष्ठ महामंत्री जनक ध्रुव दुर्गा चरण अवस्थी नीरज ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचकर कार्यवाही की मांग किया है। और इसके लिए जल्द ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर अवगत कराने के बाद भी कहीं भाव सिंह साहू का कहना है कि बूढ़ी मां का इकलौता सहारा अपनी बीमार मां का देखभाल करने के लिए नियमानुसार छुट्टी मांगता है। लेकिन छुट्टी नहीं देने की बात सामने आ रही है। इसी के मद्देनजर उचित जांच की मांग किए जाने की बात कही है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

अमित, ऋचा और रेणु से...

सीएम ने सौम्यता से श्रीमती रेणु जोगी को अभिवादन किया तभी अमित-ऋचा कुर्सी छोड़कर सीएम के सम्मान में खड़े हुए तो सीएम ने मुस्कुराते हुए कहा आप दोनों बैठ जाईए। इसके बाद सियासी प्रतिव्दंव्दि दोनों लीडर नामांकन प्रक्रिया में व्यस्त हो गए। अमित-ऋचा ने रेणु जोगी का चरण स्पर्श कर नामांकन दाखिल किया।

जिसके पास प्रमाण पत्र...

नए निर्माण को मंजूरी मिली है, हमें मरवाही की जनता जरुरी जीताएगी।

नामांकन रैली में...

आरक्षित सीटों में जिसके पास सर्टिफिकेट होगा, वह चुनाव लड़ सकता है। उसे कोई नहीं रोक सकता है। लेमरू एलीफें ट प्रोजेक्ट को लेकर स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की नाराजगी पर उन्होंने अनभिज्ञता जताई है, और कहा कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है।

अंतिम दिन अमित-ऋचा...

जानकारी उनके पास न तो डाक से और न ही ईमेल से भेजी गई है। पता है कि बिना गुण-दोष का आदेश कोर्ट में एक सेकंड भी नहीं टिकेगा।

टकराव की खबरों के बीच...

मिला था। समय पर राज्यपाल से दोनों की मुलाकात हुई और चर्चा तकरीबन 20 मिनट तक चली। इस मुलाकात के दौरान राजभवन में सचिव सोनमणी बोरा भी थे और मंत्रियों के साथ नए अतिरिक्त सचिव राज्यपाल अमृत खलखों भी मौजूद थे। हालाकि मुलाकात खत्म होने के बाद श्री खलखो भी बिना ज्वाईनिंग दिए एक बार राजभवन से लौट गए। इधर चर्चा का मजमून तो मंत्री चौबे-अकबर ने नहीं बताया पर वे सरकार और राजभवन के बीच टकराव जैसी स्थिति को सिरे से नकार दिए। मंत्रीव्दय ने कहा कि नाराजगी जैसी कोई बात नहीं है, वो हमारी संवैधानिक प्रमुख हैं। बता दें यही बात सीएम भूपेश बघेल ने भी गुरुवार को दुहराया था।

श्री चौबे ने कहा राजभवन और सरकार के बीच संवाद का सिलसिला चलता रहता है, राज्यपाल जो भी जानकारी सरकार से मांगेंगी वो उन्हें उपलब्ध करवाया जाएगा।

टकराव के हालात पर पूर्व मंत्री बृजमोहन का बयान

राज्य सरकार बहुमत के कारण आत्ममुग्ध, सरकार की असैंवैधानिक गतिविधियों पर राज्यपाल को बोलना पड़ रहा है, राज्यपाल के सुझाव पर सरकार की ओर से धमकी के लहजे में बात की जाती है, ये तमाम परिस्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण है, सरकार को राज्यपाल से माफी मांगनी चाहिए, सरकार छोटी मुंह बड़ी बात कर रही है।

सोनमणि ने किया आग्रह, हो सकते हैं रिलीव

राज्यपाल के सचिव सोनमणि बोरा ने उन्हें कार्यमुक्त करने का आग्रह राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उइके से किया है। राजभवन और सरकार के बीच राज्यपाल के नए सचिव की नियुक्ति को लेकर उपजे विवाद के बाद से ही दो बार श्री बोरा ने रिक्वेस्ट किया है। संभवतया आज देर शाम तक उनके रिलीव होने का ऑर्डर हो सकता है। राज्यपाल व्दारा उनके आग्रह को स्वीकार करने के संकेत भी मिल चुके हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

बरौण्डा में ग्लोबल हैंड वॉशिंग दिवस मनाया

खरोरा। जनपद पंचायत तिल्दा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरौण्डा मे दिनॉक 15 अक्टूबर दिन गुरुवार को कोरोना वैश्विक महामारी के अभूतपूर्व संकट के बीच इस वर्ष 15 अक्टूबर को ग्लोबल हैंड वॉशिंग दिवस के रुप मे मनाया गया। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा साबुन से हाथ धोने और सही तरीके से हाथ धोने के संदेश को इस दिन ग्राम के लोगों तक सही तरीके से हाथ धोने के संदेश को इस दिन लोगों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए प्रयास किया गया। साबुन से हाथ धोने के 6 प्रभावी तरीके बताये,तरीके बताने वालों मे ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्ञानेश्वरी दिवान,अंजनी देवॉगन ,मितानीन-चमेली कुर्रे,धामयंतीन वर्मा,देवकी यादव,सुनीता गिलहरे ,कोटवार जयप्रकाश चौहान ग्राम रोजगार सहायक जगदेव राम कंडरा सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

अच्छे तरीके से हाथों की धुलाई जीवनशैली के अच्छे आदतों में शामिल

अर्जुनी। जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छग्राहियों महिलाओं व जनप्रतिनिधियों ने 15 अक्टूबर दिन गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस पर जनपद पंचायत बलौदा बाजार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भद्रापाली के ग्राम पंचायत भवन में भी हाथ धुलाई दिवस पर जागरूकता अभियान चलाकर हाथ धुलाई के बारे में बताया व जाना। अंतर्राष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस पर उपस्थित लोगों को हाथ धुलाई का महत्व हाथों की धुलाई कब करना और किस प्रकार से करना चाहिए इसके बारे में बताया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच राम कुमार ध्रुव उपसरपंच रूपेंद्र कुमार वर्मा सचिव भूषण वर्मा ने उपस्थित स्वच्छाग्रही समूह के महिलाओं को बताया कि हाथ धुलाई को प्रतिदिन अपनी आदत में लाइए खाना बनाने से पूर्व महिलाओं को साबुन से हाथों को अच्छी तरह से धोना चाहिए जिससे हम सभी बीमारी से बच सकते हैं व हमेशा स्वस्थ रह सकते हैं। स्वच्छाग्रही समूह के पूर्णिमा वर्मा ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से हाथों की स्वच्छता आवश्यक है छोटे बच्चों में नियमित रूप से हाथ धुलाई की आदत का विकास करना चाहिए ताकि वे मौसमी बीमारियों से बचे रहें व उनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास हो सके। आगे कहा कि भोजन से पहले वह शौच के बाद हाथ धोना अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

नवरात्र आज से, तैयारी पूर्ण

अर्जुनी । ग्राम अर्जुनी के रामसागर तालाब समीप स्थित ग्राम शक्तिपीठ महामाया मंदिर में नवरात्र की तैयारी जोरो से चल रही है। यह तैयारी जिला प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है वंही दानदाताओ के सहयोग से मन्दिर परिसर मे टाईल और स्टीलग्रिल से मुख्य दरवाजा का काम पुरा होने कर माता के दरबार को सुसज्जित किया जा रहा है कल दिनांक 17 अक्टूबर से ज्योति कलश स्थापना के साथ नवरात्रि का पर्व का शुभारम्भ होगा। महामाया मंदिर समिति के सदस्यों ने समस्त दानदाताओ को तथा समस्त भक्त गणो को नवरात्रि का पर्व आपके समस्त मनोकामनाओ को पूरी करने की मंगलकामना किया है व मातारानी से विनिती कर वैश्विक महामारी करोना वायरस से पूरी दुनिया को मुक्त करने व सभी स्वस्थ रहे और सभी खुश रहे मातारानी से यही कामना किया है।

अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला किसान दिवस का आयोजन हुआ

भाटापारा। कृषि विज्ञान केंद्र,में 15 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम खपराडीह के सरपंच लक्ष्मण दास मानिकपुरी थे।विशिष्ट अतिथि श्रीमती मंजू ध्रुव थी। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, प्रदीप कश्यप ने अपने उदबोधन में महिला दिवस के महत्व एवं ग्रामीण महिलाओं की भूमिका के बारे में बताया। आज ग्रामीण महिला दिवस के उपलक्ष्य में कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा में रंगोली, पेंटिंग,मेंहन्दी एवं चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। रंगोली प्रतियोगिता में मंजू ध्रुव, पारो ध्रुव और तामेश्वरी ध्रुव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में कौशल्या ध्रुव, भगवंतीन ध्रुव, पुष्पा ध्रुव और सुभद्रा ध्रुव ने अच्छा प्रदर्शन किया। मेहंदी प्रतियोगिता में ईश्वरी ध्रुव, रुखमनी ध्रुव और सरस्वती ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। चित्रकारी प्रतियोगिता में कौशल्या ध्रुव, भगवंतीन ध्रुव और सुभद्रा ध्रुव ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में 32 ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी एवं केंद्र के वैज्ञानिकगण हेमकान्ति बंजारे, स्वाति ठाकुर मिर्झा, डॉ. साक्षी बजाज, डॉ. सागर आनंद पांडेय, डॉ. अनूप राठौर, दीपकला ठाकुर उपस्थित थे। अंत में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख प्रदीप कश्यप ने सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया और उत्साहवर्धन किया।

दिवंगत लिपिक शुभम पात्र को न्याय दिलाने लिपिक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

- तत्काल निलंबित कर कार्यवाही नहीं तो आंदोलन की चेतावनी

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। तहसील कार्यालय देवभोग में पदस्थ लिपिक शुभम कुमार पात्र द्वारा गुरूवार को किराए के मकान में फासी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर मिले सुसाइड नोट में शुभम ने देवभोग तहसीलदार पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद लिपिक संघ में काफी आक्रोश है। घटना की सुचना मिलते ही तत्काल लिपिक संगठन एवं अन्य कर्मचारी संगठनो द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कर शुभम को न्याय दिलाने तथा दोषी अधिकारी को तत्काल निलंबित करने की मांग की।

घटनास्थल से बरामद सुसाइड नोट का जिक्र करते हुए लिपिक संघ के कर्मचारियो के ने अपने ज्ञापन में बताया कि दिवंगत कर्मचारी शुभम द्वारा आत्महत्या के पूर्व लिखित पत्र में तहसीलदार द्वारा अत्यधिक कार्य देने एवं अवकाश आवेदन देने के बाद भी अवैतनिक करने तथा बार-बार कारण बताओ नोटिस देने से परेशान होकर आत्महत्या किये जाने का लेख किया गया है। सुसाइड नोट पढ़ने से ही स्पष्ट पता चलता है कि तहसीलदार से वो किस स्तर तक प्रताड़ित था। कर्मचारी को अपने मां की सेवा के लिए भी एक दिन का अवकाश नही दिया गया है। अवकाश मिला तो वेतन काट दिया गया।

ज्ञापन में लिपिक संघ ने शासन प्रशासन से आरोपी अधिकारी के विरूद्ध तत्काल कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। कार्यवाही नही होने की स्थिति में लिपिक संघ द्वारा परिवार सहित सामुहिक हड़ताल और आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई। इस अवसर पर प्रदेश लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष पन्नालाल देववंशी, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष लखन लाल साहू, संविदा कर्मचारी संघ गोपाल गिरी गोस्वामी, बसंत त्रिवेदी, बसंत मिश्रा, देवेंद्र वर्मा, लक्ष्मी यादव, सुनील यादव, भागवत साहू, दीपयंती तिवारी, सुष्मिता उपाध्याय, भागवत ध्रुव, युवराज कटारे, रेन सिंह ध्रुव, गुलशन साहू, संदीप साहू, देवेश शर्मा, राकेश शर्मा, मिथिलेश, केसानु, विवेक टेमरे, एल पी वर्मा, सूरज बोरेकर, शुभ्र भट्टाचार्य सहित सैकड़ों लिपिक कर्मचारी उपस्थित थे।

शुभम द्वारा आत्महत्या जैसो कदम उठाए जाने को लेकर लिपिक संघ ने दुख व्यक्त किया है। वही अधिकारी के रवैये की निंदा की है। संघ ने दिवंगत कर्मचारी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए मृतात्मा के शांति की प्रार्थना की और परिवार को हर संभव मदद दिलाने की बात कही।

शुभम के सुसाइड पर नपा जनप्रतिनिधियों ने किया दुख व्यक्त

सीएम को पत्र लिखकर की उचित कार्यवाही की मांग



गरियाबंद। देवभोग के राजस्व विभाग में कार्यरत कर्मचारी के द्वारा आत्महत्या के मामले में गरियाबंद नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन सहित पालिका के सभी जनप्रतिनिधियो ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर मामले की जांच करते हुए उचित कार्यवाही की मांग की है। ज्ञात हो कि गुरूवार सुबह देवभोग तहसील कार्यालय में पदस्थ लिपिक 25 वर्षीय शुभम पात्र ने अपने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह 11 बजे तक जब वह अपने मकान से बाहर नही निकला तो परिजनों ने पुलिस व तहसील कार्यालय को सूचना दी। नायब तहसीलदार के उपस्थिति में दरवाजे का ताला तोडा गया। जहां शुभम का शव पंखे पर लटका मिला, मकान की तलाशी में पुलिस को पास के बिस्तर से एक सुसाइड नोट मिला। जिसमे उसने मानसिक रूप से परेशान होने एवं तहसीलदार के द्वारा अवकाश को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। घटना की सुचना मिलने के बाद गरियाबंद नगरपालिका अध्यक्ष गफफुमेमन, उपाध्यक्ष सुरेन्द सोनटके, सभापति आसिफमेमन, वंश गोपाल सिन्हा, नीतू देवदास, पदमा यादव, श्रीमती गुलेश्वरी ठाकुर, पार्षद विष्णु मरकाम, सांसद प्रतिनिधि प्रहलादठाकुर, सहित अन्य जनप्रतिनिधियो ने आरोपित अधिकारी के खिलाफउच्च कार्यवाही की माँग करते कहा कि आज अधिकांश कर्मचारी दबाव में कार्य कर रहे है और मानसिक रूप से पीड़ित है, जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा उन्हे तरह तरह से परेशान किया जा रहा है। इसके चलते कर्मचारी अपने प्रशासनिक कार्यो का उचित ढंग से निर्वाह नही कर पा रहे है साथ ही परिवार की समुचित देखभाल भी नही कर पा रहे है। जिसके चलते इस प्रकार की दुखट घटना सामने आई है। जनप्रतिनिधियो ने बताया कि मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मामले की जांच एवं उचित कार्यवाही की मांग की है।

आज विराजेगीं मां शक्ति, अंतिम रूप देते मूर्तिकार

खरोरा। शासन प्रशासन की ओर से प्रतिमा स्थापना के निर्देश जारी होने के बाद हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि पर मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप देने के लिए दिन-रात रंग रोपाई कर रहे हैं और सजावटी के लिए कठिन परिश्रम कर रहे हैं । शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र प्रारंभ होने से अब केवल एक ही दिन शेष है शक्ति की भक्ति का पर्व 17 अक्टूबर से शुरू होगा। ग्रामीण क्षेत्र में देवी मंदिरों में मनोकामना जो ज्योति जलवाने ने वालों में भी संशय बरकरार है इस वजह से मनोकामना ज्योति का पंजीयन भी मंदिरों में भी रसीद काटने की प्रक्रिया जारी है , मंदिरों की साफ सफाई का काम शुरू कर दिया है । दुर्गा प्रतिमा विराजित करना और 25 अक्टूबर को दशहरा पर्व के लिए प्रशासन की गाइड लाइन तय हो चुकी है। नगर के स्थानीय मूर्तिकार राजू ने बताया कि दुर्गा प्रतिमाएं बनाने का काम कर रहे हैं मूर्तिकार ने बताया कि कोरोना वायरस के चलते इस साल कम प्रतिमाएं बनाई है । हर साल 100 मूर्ति बनाते थे लेकिन लॉक डाउन की वजह से इस वर्ष 60 मूर्ति बनाई है। जिसमें से 25 प्रतिमा की बुकिंग हो गई है वही जिसमें मूर्ति 9 कैंसिल हो गई है।

शहर भाजपा मण्डल में ज्योति वर्मा बनी मंत्री

भाटापारा। स्थानीय नेहरू वार्ड निवासी ज्योति उमाशंकर वर्मा भाजपा शहर मण्डल में मंत्री बनाई गई है उनकी यह नियुक्ति भाजपा शहर मण्डल की जारी सूचि में की गई है।भाजपा मंडल अध्यक्ष मनेदर सिंह गुंबर ने विधायक शिवरतन शर्मा प्रदेश प्रतिनिधि आनंद अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष डॉक्टर सनम जांगड़े तथा जिला महामंत्री राकेश तिवारी की सहमति से शहर मंडल के पदाधिकारियों को मनोनीत किया है। भाजपा शहर मण्डल की घोषणा में महामंत्री योगेश अनंत , गोपाल देवांगन उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम यदु, सुखदेव यदु, राजा काम नानी, नंदकिशोर अग्रवाल, सुरेश मिश्रा,कुंजराम कोशले, व आयशा खान एवं मंत्री योगेश्वरी साहू, उर्मिला टंडन, मधु सोनी,राजा शर्मा, रेखा ध्रुव, ज्योति वर्मा , कोषाध्यक्ष धनेश माधवानी एवं प्रचार मंत्री कमल तिवारी तथा सोशल मीडिया प्रभारी संजय शुक्ला बनाए गए हैं।

सांसद विजय बघेल के समर्थन में नवागढ़ भाजपा ने दिया ज्ञापन

नवागढ़। भारतीय जनता पार्टी नवागढ़ मण्डल के तत्वावधान में राजनीतिक द्वेष के चलते भारतीय जनता पार्टी पाटन के मण्डल अध्यक्ष,सांसद प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं पर फर्जी आरोप पर गिरफ्तारी के खिलाफ सांसद विजय बघेल के अनशन के समर्थन में नवागढ़ के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार नवागढ़ को ज्ञापन सौंपते हुए उन सभी को तत्काल रिहा करने की माग की। नवागढ़ मण्डल महामन्त्री मिन्टू बिसेन ने बताया कि भूपेश सरकार की दमनकारी नीति व राजनीतिक द्वेष के चलते भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष,सांसद प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं पर फर्जी आरोप लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके लिए सांसद विजय बघेल भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता के निःशर्त रिहाई के लिए मंडी प्रांगण पाटन में आमरण अनशन में बैठे हुए है.उपरोक्त विषय मे सांसद के समर्थन में भाजपा नवागढ़ मण्डल के तत्वावधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी ने कहा कि पाटन में भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष,सांसद प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं पर फर्जी आरोप लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है उनकी तत्काल वापसी करते हुए निः शर्त रिहा किया जाए अन्यथा भाजपा वृहद आंदोलन करेगी।

राज्य स्तरीय ऑनलाइन यूथ फोरम शिविर

कवर्धा। राज्य स्तरीय ऑनलाइन यूथ फोरम शिविर* में भोरमदेव रोवर ओपन करू एवं मां सिंहवाहिनी रेंजर ओपन टीम (सीनियर स्काउट गाइड दल) ने कबीरधाम जिला का प्रतिनिधित्व किया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री आदरणीय प्रेमसाय सिंह जी एवं राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स माननीय श्री विनोद चंद्राकर के दिशा निर्देशन एवं राज्य सचिव श्री कैलाश कुमार सोनी जी के मार्गदर्शन में दो दिवसीय राज्य स्तरीय ऑनलाइन यूथ फोरम शिविर का आयोजन दिनांक 14 एवं 15 अक्टूबर 2020 को किया गया था। जिसमें शिविर संचालक श्री अशोक देशमुख LT(RSL) तथा संचालक मंडल में श्रीमती सरिता पांडेय स्झष्ट(त्र), डॉ. करुणा मसीह SOC(G), श्री विकास तिवारी LT(RSL), श्री अमित क्षत्री ASOC(S), श्रीमती उत्तरा मानिकपुरी DOC(G) थे।

अलग-अलग स्थानों से सात जुआरी गिरफ्तार

भाटापारा। दो अलग अलग स्थानों में दबिश देकर पलारी पुलिस ने कुल 7 जुवाडियो को पकड़ कर उनके कब्जे से कुल 2170 रूपये जब्त कर उनके खिलाफ जुवा एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

थाना निरीक्षक पलारी सी आर चंद्रा ने बताया की पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण ऐलेसेला के निर्देशन पर मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम अमेरा नवा तालाब पार के पास तास पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेलने की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा के कुशल नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक संजीव सिंह राजपूत, प्रआर गांधीराम बंजारे, गोवर्धन प्रसाद ध्रुव, ईश्वर ज्योति, विरेन्द्र कुमार साहू ने वहा दबिश देकर 1. भरत पटेल पिता श्यामरतन पटेल उम्र 38 वर्ष 2. ओंकार साहू पिता पुनीतराम साहू उम्र 35 वर्ष 3. सुरेश ध्रुव पिता केजू राम ध्रुव उम्र 41 वर्ष साकिनान अमेरा थाना पलारी के कब्जे से 950/रूपये व 52 तास पत्ती जप्त किया गया।वही एक अन्य स्थान से ताश पत्ती का जुवा खेलते 1. देवप्रसाद ध्रुव पिता नरसिंग ध्रुव उम्र 28 वर्ष 2. रामखिलावन फेकर पिता दयालू फेकर उम्र 28 वर्ष 3. पुनाराम साहू पिता सुन्दर लाल साहू उम्र 44 वर्ष 4. कामदेव ध्रुव पिता तिजराम ध्रुव उम्र 51 वर्ष साकिनान अमेरा को पकड़कर उनके कब्जे से 1220/रूपये एवं 52 पत्ती तास जप्त कर दोनों ही अलग अलग मामलो में धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

जिला साहू संघ युवा प्रकोस्ट की कार्यकारिणी घोषित,भानु साहू बने मिडिया प्रभारी

भाटापारा। जिला साहू संघ बलौदाबाजार भाटापारा जिला अध्यक्ष धनंजय साहू की अनुशंसा, अनुमति से जिला युवा प्रकोष्ठ के संयोजक नन्दू साहू द्वारा युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की गई है।कसडोल के भानु प्रताप साहू को मिडिया प्रभारी की संयुक्त जवाबदारी दी गई, घोषित सूची में जिले के सभी परिक्षेत्र को ध्यान में रखते हुए कुल 39 व्यक्तियों को पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। संयोजक नंदू साहू ने बताया कि जिला साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक उत्तम साहू लाहौद, महेन्द्र कुमार (मोनू) साहू सकरी, महासचिव गोरे लाल साहू हसुवा, डायमण्ड साहू गोड़ा, उपाध्यक्ष राम कुमार साहू भटभेरा, नागेश्वर साहू कसडोल, संजीव साहू भटगांव, धन्नू साहू रेंगाडीह, हरिओम साहू सरसीवां, चमन लाल साहू लवन, खुमान साहू बलौदाबाजार, राम बिशाल साहू लाहौद, कोषाध्यक्ष चंदन साहू कसडोल, सह कोषाध्यक्ष अंकित साहू अहिल्दा को बनाया गया है। इसी प्रकार संगठन सचिव भागवत साहू सकरापाली, शत्रुघन साहू गिधौरी, मुकेश साहू सिमगा (सुहेला), नीरज साहू जारा, ओम प्रकाश साहू मेढ़, देवप्रसाद साहू छिर्रा, बिरेन्द्र साहू भाटापारा, संयुक्त सचिव आशा राम साहू सिमगा, मनीष साहू सरसेनी, दीनदयाल साहू कैथा, राजेश साहू बलौदा बाजार, पवन साहू रिसदा, योगेश साहू मुड़पार हथबंद, देवनारायण साहू रसेड़ी, संतोष साहू भाटापारा (ढाबाडीह), मनीष साहू सरसेनी, सांस्कृतिक सचिव संजय साहू डमरू, प्रचार-प्रसार मंत्री हेमलाल साहू किरवई, भैयाराम साहू रिसदा, मीडिया प्रभारी भानूप्रताप साहू कसडोल, योगेश साहू टुण्ड्रा, जय साहू कसडोल, हेमकुमार साहू घिरघोल, भागवत प्रसाद साहू पवनी को नियुक्त किया गया है।

गिरौदपुरी धाम में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज का महाधिवेशन व युवा प्रकोष्ठ का गठन संपन्न

खरोरा। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश स्तरीय महाअधिवेशन व निर्वाचन मडवा सरहद स्थित सतनाम धर्मशाला में प्रदेश अध्यक्ष एल .एल.कोसले के आदेशानुसार व मार्गदर्शन में युवा प्रकोष्ठ के 3 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर अश्वनी बबलू त्रिवेंद्र के नेतृत्व व एस. आर. बंजारे की टीम द्वारा प्रदेशभर से आये हुए पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों की गरिमा उपस्थिति में संपन्न हुआ ।

प्रदेशभर से आए समाज के पदाधिकारी गणों द्वारा सतनाम धर्मशाला मडवा से बाइक व कार रैली की काफिला निकल कर बाबा गुरु घासीदास जी के जय कारे व जय सतनाम व सतनामी एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए मुख्य मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना किया गया तथा बाबा गुरु घासीदास जी के चरणों में गुरु गद्दी में मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया और सुख शांति भाईचारे व सामाजिक एकता व अखंडता बनाए रखने की मंगल कामना किया तत्पश्चात वापसी सतनाम धर्मशाला भवन में मंच का संचालन करते हुए मोहन बंजारे द्वारा 3 वर्षो के कार्यकाल में किए गए रचनात्मक कार्यो व गतिविधियों तथा सामाजिक उपलब्धियों की जानकारी देते हुए सामाजिक एकता व समाज को संगठित रखने व सामंजस्यता बनाए रखने, युवाओं को सशक्त बनाकर टीम भावना से समाज विकास कार्य करते रहने को कहा।

सांसद सुनील सोनी ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण

भाटापारा। जिस प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का हम भूमि पूजन करने आए हैं वह वास्तव में हमारे देश के यशस्वी नेता स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की देन है जिन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पूरे देश के गांव गांव में सड़कों का जाल बिछाया उक्त बातें क्षेत्रीय सांसद सुनील सोनी ने ग्राम बोरतरा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाले ग्राम सुरकीसे बोड़सरामार्ग के भूमि पूजन अवसर पर विधायक शिवरतन शर्मा के साथ पहुंचे बोरतरा में ग्रामीण जनों के मध्य कहीं इस दौरान उन्होंने ?500000 की लागत से ग्राम में बनने वाले सीसी रोड तथा साहू समाज के सामुदायिक भवन का भी लोकार्पण किया

इस दौरान ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए सांसद सुनील सोनी ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रथम उद्देश्य ग्रामों मैं रहने वाले ग्रामीण जनों का विकास करना है इसीलिए उन्होंने 2023 तक प्रत्येक ग्रामीण जनों का मकान पक्का हो, घरों में बिजली हो ,पानी हो शौचालय हो, इस पर ही, प्रमुख लक्ष्य रखा है और मैं आपको बता दूं कि प्रत्येक घरों में निशुल्क पानी पहुंचे इसके लिए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्याप्त राशि बजट मैं रखी है और मेरी मांग पर जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहां है कि रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए जितनी राशि लगेगी वे कमी नहीं होने दें गे सोनी ने कहा कि गांवों के विकास में 135 में 133 योजनाएं केंद्र की हैं गांव के लोगों को गांव में ही रोजगार मिले इसके लिए गांव में मिलने वाली मनरेगा की राशि 65000 करोड़ के बजट मैं 40 हजार करोड़ की और वृद्धि कर दी है लेकिन दुर्भाग्य है कि प्रदेश की सरकार इस राशि अधिकांश पैसा भी गोबर खरीदने में लगा रही है जबकि आप लोग बताओ कि आपने कितना गोबर सरकार को बेचा है पूरा गोबर कागजों में ही लेना और बेचना चल रहा है गरीब परिवारों को मिलने वाली निराश्रित पेंशन योजना और विधवा पेंशन योजना जो कई महीने से नहीं आ रही थी हमने इसके लिए तुरंत केंद्र से राशि भेज वाई आप लोग प्रदेश की भूपेश सरकार से पूछिए कि उन्होंने चुनाव के समय निराश्रित एवं विधवा पेंशन ?1000 देने का वायदा किया था वह क्यों नहीं दे रहे हैं

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व कार्यालय में एक लाख लोकधन गबन का माला

लेखापाल और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी पर गिरी गाज

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व कार्यालय में फर्जी देयक बनाकर एक लाख रूपए गबन करने वाले दो कर्मचारियो के उपर कार्यवाही की गाज गिरी की है। मुख्य वन संरक्षक रायपुर ने मामले की जाचं के बाद गबन की शिकायत सही पाए जाने पर फर्जीवाड़े में शामिल दोनो कर्मचारियो के विरूध्द कार्यवाही के आदेश जारी किए है। मुख्य वन संरक्षक ने फर्जी देयक तैयार करने वाले तत्कालिक लेखापाल स्थापना प्रभारी आईएस जगतवंशी के विरूध्द आरोप पत्र तैयार करने तथा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी किशोर साहू को तत्काल कार्य से पृथक करने के निर्देश उप निदेशक उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद को दिए है। इस संबंध में 09 अक्टुबर को मुख्य वन संरक्षक रायपुर का पत्र क्रमांक 19/6720 जारी हुआ है। जिसमें 16 अक्टुबर तक कार्यवाही कर जानकारी देने के निर्देश उदंती सीतानदी के उपनिदेशक को दिए है।

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में वाहन चालक के पद पर कार्यरत स्व. वेंकटराव की वर्ष 2017 में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उन्हें उपचार के लिए एनएचएमएमआई हास्पीटल रायपुर में भर्ती कराया गया था। वेंटकराव की मृत्यु उपरांत उनके पत्नी कांतिबाई के द्वारा उपचार हेतु किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति राशि 2 लाख 9 हजार 602 रूपए की मांग नियमानुसार सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक दस्तावेज परीक्षण कराकर की थी। जिस पर सिविल सर्जन द्वारा 1 लाख 64 हजार 502 रुपए की राशि भुगतान हेतु स्वीकृत भी कर दी गई थी।

कुट रचना से तैयार किए दस्तावेज

इस मामले में विभागीय कर्मचारियो ने एक लाख रूपए गबन करने के उद्देश्य से शासकीय दस्तावेजो में कांट छाट कर स्वीकृत राशि में एक लाख रूपए बढाकर राव परिवार को भुगतान कर दिया। जबकि अस्पताल अधीक्षक द्वारा 1 लाख 64 हजार 502 रुपए पारित कर उप निदेशक कार्यालय उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद को भेजा गया था। जिस पर तत्कालीन लेखापाल व स्थापना प्रभारी आईएस जगतवंशी तथा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी किशोर साहू द्वारा एक लाख रूपए लोकधन का गबन करने के उद्देश्य से सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के द्वारा प्रमाणित पत्र क्रमांक 1019 में अंकित राशि 2 लाख 9 हजार 602 को कांट छांट कर उसे 3 लाख 9 हजार 602 कर दिया, साथ ही सिविल सर्जन द्वारा स्वीकृत राशि 1 लाख 64 हजार 502 रु को कांट छांट कर 2 लाख 64 हजार 502 कर दिया एवं बीटीआर क्रमांक 3771154 बिल सिरियल नं 2001022862 जिला कोषालय को भेज दिया गया। उपरोक्त फर्जी बीटीआर क्रमांक एवं बिल के आधार पर 2 लाख 64 हजार 502 रु की राशि मृतक के परिजनो को सौंप दी गई।

मामले को दबाने की साजिश नाकाम

इधर मामले में फर्जीवाड़े की बात सामने आने के बाद गरियाबंद देवारपारा के भुवन बंजारे ने इसकी शिकायत पुलिस और वन विभाग के उच्च अधिकारियो से लिखित में थीं। मामले में पहले तो जांच अधिकारियो द्वारा दबाने की पूरा प्रयास किया गया है, इसे लिपिकीय त्रृटि बताकर मामले को रफा दफा करने की कोशिश की गई है। परंतु शिकायर्ता गबन से संबंधित समस्त प्रमाणित दस्वावेज के साथ लगातार कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियो के दरवाजे खटखटाते रहे। कार्यवाही से बचने आरोपियो ने गबन की गई एक लाख की राशि को भी आनन फानन में 11 माह बाद फिर से उपनिदेशक टायगर रिजर्व कार्यालय के खाते में जमा करा दिया था परंतु जांच में फर्जीवाड़े का खुलासा हो गया।

क्या लिखा है पत्र में

मुख्य वन संरक्षक रायपुर द्वारा जारी पत्र में उल्लेख है कि जांच प्रतिवेदन में सिविल सर्जन गरियाबंद द्वारा पारित बिल में राशि दो जगहों पर अलग-अलग अंकित होने के कारण लिपिकीय त्रुटिवश अधिक राशि का भुगतान किया जाना बताया गया है। जबकि सिविल सर्जन संह मुख्य अस्पताल अधीक्षक गरियाबंद द्वारा जारी चिकित्सा बिल प्रमाण का परीक्षण किये जाने पर प्रमाण पत्र में स्पष्ट रूप से पारित योग्य कुल राशि अंकों में 164502 रूपए तथा शब्दों में एक लाख चैसठ हजार पांच सौ दो रूपए स्पष्ट रूप से अंकित है। उक्त से स्पष्ट है कि लिपिक आई एस जगतवंशी तत्कालिक स्थापना प्रभारी एवं उनके सहायक कमल किशोर साहू दैनिक वेतन भोगी द्वारा जानबूझकर कूट रचना कर 264502 रूपए का फर्जी देयक तैयार कर कोषालय से पारित कराया गया गया है। इसमें फर्जी देयक तैयार कर कोषालय से पारित करवाये जाने हेतु आई.एस. जगतवंशी लेखापाल विरूद्ध आरोप पत्र तैयार कर 16 अक्टुबर तक प्रस्तुत करने तथा कमल किशोर साहू दैनिक वेतन भोगी को नियमानुसार तत्काल कार्य से पृथक करते हुए मुख्य वन संरक्षक कार्यालय को अवगत कराने का निर्देश दिया गया है।

इस संबंध में उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक के कार्यालय में मौजुद नही होने पर कई बार फोन पर सम्पर्क करने की कोशिश की गई परंतु सम्पर्क नही हो पाया।

हाथ भट्टी महुवा शराब के साथ एक पकड़ाया

भाटापारा। जिलें में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला, अति0 पुलिस अधीक्षक श्रीमति निवेदिता पाल, उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बघेल के निर्देशन में जुआ,सट्टा,शराब पर अकुंश लगाने क्रम में थाना पलारी प्रभारी, निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा के नेतृत्व में प्रआर अंशुमान पाण्डेय, आरक्षक गोवर्धन प्रसाद ध्रुव, विरेन्द्र साहू, की टीम ने एक व्यक्ति को हाथ भट्टी महुवा शराब के साथ पकड़कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है। थाना प्रभारी सी आर चंद्रा ने बताया की मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम जंगलोर के किशन खंडेलवाल ग्राम घोटिया से जंगलोर रोड पुलिया के पास अवैध रूप से हाथ भट्ठी महुआ शराब बिक्री करने हेतु रखा होने की सुचना पर वहा रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी किशन खंडेलल पिता दुखुराम खंडेलवाल साकिन जंगलोर थाना पलारी के पास से एक प्लास्टिक के जरीकेन 5 लीटर वाली सफेद रंग में 5 लीटर व एक प्लास्टिक के 1 लीटर वाली बांटल में 1 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कुल 6 लीटर किमती 1200/रूपये रखे मिला।

रिहाइशी इलाके में पहुंचा भालू, दहशत

नव प्रदेश संवाददाता

कांकेर। जँगली जानवरो का शहर की ओर रिहायशी इलाको में आने का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। शुक्रवार को शीतलापारा मार्ग स्थित राइसमिल के सामने दिन दहाड़े शाम को जंगली मादा भालू अपने दो बच्चों के साथ शहर की ओर कूच करते देखे गए। इस बीच मादा भालू की आहट से आसपास के लोगो मे दहशत का माहौल है। किसी तरह आसपास के व्यापारी की मदद से भालू को जंगल की ओर खदेड़ा गया।तब जाकर आसपास के लोगो ने राहत की सांस ली।रिहाइशी इलाके में जंगली जानवर के शहर की ओर आवागमन को लेकर शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी हाजी मोहम्मद शरीफ ने कहा की जंगल के जानवरों जैसे भालू तेंदुआ के अलावा विभिन्न प्रजातियों के जानवरों के शहर की ओर आने से रिहायशी इलाकों में दहशत का माहौल रहता है। चुकी जंगली जानवरों का शहर की ओर आना जानवरों के भूखे रहने जैसा प्रतीत हो रहा है।

वन विभाग को जंगल के जानवरों के लिए खाने पीने की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए ।ताकि जँगली जानवर जंगलों में अपनी भुख प्यास मिटाए और किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

मुठभेड़ में मारा गया एक लाख ईनामी माओवादी

- **एरिया जनताना सरकार अध्यक्ष के पद पर था ढेर माओवादी**
- **थाना बासागुड़ा क्षेत्र का मामला**

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। जिले में चलाये जा रहे माओवादी अभियान के तहत् 15 अक्टूबर 2020 को थाना बासागुड़ा से जिला बल एवं केरिपु 168 ''जी'' कंपनी का बल माओवदी विरोधी अभियान पर कोरसागुड़ा, आऊटपल्ली की ओर निकली थी। अभियान के दौरान 16 अक्ट्बर के सुबह 09:30 बजें आऊटपल्ली के जंगलों में पुलिस एवं माओवादी के मध्य हुये मुठभेड़ में 01 माओवादी को मार गिराया गया। मौके से 01 नग एसबीएमएल. बंदूक, डेटोनेटर, आईईडी. बिजली का तार, माओवादी साहित्य, पिटठू, एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया। मारे गये माओवादी का शिनाख्त विकेश हेमला पिता सन्नू हेमला उम्र 35 वर्ष निवासी कोरसागुड़ा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर एरिया जनताना सरकार अध्यक्ष के रूप मे हुई।

छग शासन की ईनाम नीति के तहत् मारे गये माओवादी पर 1 लाख का ईनाम घोषित है। घटना में 02-03 अन्य माओवादियों के घायल होने की संभावना है। मारे गये नक्सली के विरूद्ध थाना बासागुड़ा में दो अपराध पंजीबद्ध है जो 29 मार्च 2019 आउटपल्ली के जंगलों में हुये पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल था। 19 सितंबर 2019 को तर्रेम कुरसमपारा के ग्रामीण की हत्या में शामिल था। मारे गये माओवादी के विरूद्ध थाना में 02 स्थाई वांरट भे लंबित था।

इस दीवाली गोबर के दीयों से जगमगाएगा बस्तर

नव प्रदेश संवाददाता

जगदलपुर/सुकमा। एक ओर जहां गोधन न्याय योजना के तहत गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बना कर किसान भाइयों को खेत की उर्वरा क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी उसी के साथ अब राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्व सहायता समूह की महिलाएं भी गोबर से दीये बनाने जा रही हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए गोबर का इस्तेमाल कर दीये बनाना एवं उनका विक्रय कर स्व सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य के तहत सुकमा नगर पालिका परिषद में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं गोबर से दीये बना रही हैं, जो नगर में ही नहीं बस्तर के विभिन्न हिस्सों को दीपावली में रोशन करेंगे। सुकमा नगरपालिका क्षेत्र के कुम्हारास कि महिलाएं गोबर से दीया बनाने के कार्य में जुट गई हैं।

चार समूह की महिलाएं दे रही हैं दीयों को आकार

महिलाओं ने बताया कि चार अलग अलग समूह की महिलाएं मिलकर दीपावली त्योहार में शहर के साथ ही पूरे बस्तर को रोशन करने में अपना योगदान दे रहीं हैं। गंगाजनी, महालक्ष्मी, बम्लेश्वरी और मां अम्बे स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं अपने दैनिक कार्यो से थोड़ा समय निकालकर इन दीयों को आकार दे रहीं हैं। बम्लेश्वरी समूह से जुड़ी श्रीमती सनमती पांडे ने बताया कि उन्हें दीये बनाने में बहुत खुशी हो रही है। महिलाओं ने इस बात पर हर्ष जताया कि दीया बनाने से आर्थिक लाभ के साथ ही उनके घरों में भी दीपावली की खुशियां दोगुनी हो जाएंगी।

सुकमा के साथ-साथ बस्तर में भेजे जाएंगे दिए-सीएमओ

मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष कुमार कोर्राम ने बताया कि इस वर्ष दीपावली त्योहार के लिए मिट्टी एवं गोबर की सहायता से शहर के महिला स्व सहायता समूहो के माध्यम से दीये तैयार करने तथा उनके विक्रय की व्यवस्था किया जाना है, इसी क्रम में समूह की महिलाओ को गोबर एवं मिट्टी से दीये बनाने का प्रशिक्षण राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से दिया गया। जिसमे प्रारंभिक स्तर पर गोबर से निर्मित 8000 दीये तैयार करने करने का कार्य महिला समूहों द्वारा किया जा रहा है। महिलाओं द्वारा निर्मित इन दीयों को सुकमा नगर के साथ साथ बस्तर के अन्य क्षेत्रों में भी भेजा जाएगा।

प्रतिदिन 1000 दीयों का है लक्ष्य

महालक्ष्मी समूह से जुड़ी श्रीमती सुदन पांडे ने बताया कि उन्होंने आपस में ही प्रति महिला प्रतिदिन 100 दीये बनाने का लक्ष्य रखा है, इस प्रकार यदि 10 महिलाएं भी एक साथ दीये बनाएं तो प्रतिदिन 1000 दीयों को अपने हाथों से आकर दे पाएंगी। उन्होंने बताया कि सुबह सभी महिलाएं अपने घर के दैनिक कार्यों को पूरा कर अपने मोहल्ले के इमली पेड़ की छांव में एकत्रित हो जाती हैं। वहां वे दीये बनाने का कार्य करती हैं। सबसे पहले वे गोबर और अच्छी मिट्टी का मिश्रण तैयार करती हैं, जिसके उपरांत वे हाथों से या चाक की मदद से दीयों को आकार देती हैं। एक दीया बनाने में लगभग डेढ़ से दो मिनट का समय लगता है।

बस्तर इस रणनीति से मात दे रहा है मलेरिया को, 65% की आई कमी

नव प्रदेश संवाददाता

जगदलपुर। बस्तर संभाग में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान का असर दिखने लगा है। संभाग में सितंबर-2019 की तुलना में सितंबर-2020 में मलेरिया के मामलों में 65.53 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले सितंबर में संभाग के सातों जिलों में जहां मलेरिया के कुल 4230 प्रकरण मिले थे, वहीं इस साल सितंबर में कुल 1458 मामले ही सामने आए हैं। मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के अंतर्गत इस वर्ष जनवरी-फरवरी में इसका पहला चरण और जून-जुलाई में दूसरा चरण संचालित किया गया था।

पहले चरण में 14 लाख छह हजार लोगों की मलेरिया जांच कर पॉजिटिव पाए गए 64 हजार 646 लोगों का पूर्ण उपचार किया गया था। वहीं दूसरे चरण में कोरोना संक्रमण से बचने की चुनौतियों के बीच स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 23 लाख 75 हजार लोगों की जांच कर मलेरिया पीड़ित 30 हजार 076 लोगों को तत्काल इलाज उपलब्ध कराया।

मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के असर से पिछले सितंबर की तुलना में इस सितंबर में मलेरिया के मामलों में कांकेर जिले में 75.2 प्रतिशत, कोंडागांव में 73.1 प्रतिशत, सुकमा में 71.9 प्रतिशत, बीजापुर में 71.3 प्रतिशत, नारायणपुर में 57 प्रतिशत, बस्तर में 54.7 प्रतिशत और दंतेवाड़ा में 54 प्रतिशत की कमी आई है। कांकेर जिले में पिछले सितम्बर में जहां मलेरिया के 491 प्रकरण थे, वहीं इस साल केवल 122 मामले सामने आए हैं। कोंडागांव में पिछले वर्ष के 294 मामलों की तुलना में इस साल 79, सुकमा में 480 की तुलना में 135, बीजापुर में 1314 की तुलना में 377, नारायणपुर में 328 की तुलना में 141, बस्तर में 594 की तुलना में 269 तथा दंतेवाड़ा में पिछले वर्ष के 729 मामलों की तुलना में इस वर्ष 335 मामले मलेरिया के दर्ज किए गए हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अपील पर पूरे बस्तर संभाग में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान को जन अभियान के रूप में विस्तारित किया गया है। अभियान के पहले चरण के दौरान दंतेवाड़ा प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सार्वजनिक सभा में बस्तर को मलेरियामुक्त करने लोगों को शपथ दिलाई थी। स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव भी वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों और बस्तर के सभी जिलों के कलेक्टरों की बैठक लेकर अभियान की शत-प्रतिशत सफलता के लिए लगातार इसकी मॉनिटरिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे हैं।

मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के तहत दोनों चरणों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घने जंगलों और पहाड़ों से घिरे बस्तर के पहुंचविहीन, दुर्गम एवं दूरस्थ इलाकों में घर-घर पहुंचकर प्रत्येक व्यक्ति की मलेरिया जांच की गई है। मलेरिया पॉजिटिव पाए जाने पर लोगों का तत्काल इलाज भी शुरू किया गया था। पूर्ण इलाज सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता मलेरिया पॉजिटिव पाए गए लोगों को पहली खुराक अपने सामने ही खिला रहे थे। स्थानीय मितानिनों द्वारा पीड़ितों के फॉलो-अप खुराक सेवन की निगरानी करवाई गई थी। पीड़ितों द्वारा दवा की पूर्ण खुराक लिए जाने के बाद खाली रैपर भी संग्रहित किए गए।

अभियान के दौरान बस्तर संभाग में मलेरिया पॉजिटिव पाए गए लोगों में बड़ी संख्या में ऐसे लोग थे जिनमें मलेरिया के कोई लक्षण दिखाई नहीं दे रहे थे। अलाक्षणिक मलेरिया एनीमिया और कुपोषण का कारण बनता हैं। पहले चरण में मलेरिया पॉजिटिव पाए गए 57 प्रतिशत और दूसरे चरण में 60 प्रतिशत लोग बिना लक्षण वाले थे। मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान मलेरिया के साथ ही एनीमिया और कुपोषण दूर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



बेमौसम बारिश व मौसम की बेरुखी से किसान परेशान

नव प्रदेश संवाददाता

खरोरा। बेमौसम बारिश व मौसम की बेरुखी से किसान हो रहे हैं परेशान ऊपर से फसल में बीमारी की मार से उबर नहीं पाए हैं । पिछले लगातार दो दिनों से घनघोर घटा एवं तेज हवा चली है हवा के कारण है अरली वैरायटी के धान के पौधे में परेशानी बढ़ गई है। वर्षा की आशंका के कारण कृषक धान पक जाने और कटने की स्थिति के बाद कटाई करने से डर रहे हैं। कृषकों ने बताया कि अंचल के गांव में फसल अर्ली वैरायटी किस्म के धान की कटाई शुरु हो गई है । पिछले दिनों हुई बारिश के कारण खेत गिले हैं ।

धान की फसल खेतों में पानी होने से खराब न हो इसलिए किसान किसी तरह मजदूरों से फसल कटाई करा रहे हैं ।खेतों में पानी होने के कारण फसल कटाई में लगे किसानों को परेशानी को किसानों का सामना करना पड़ रहा है। तेज हवा और बारिश बारिश ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। खड़ी फसलों में इलिल्यों का झुंड तने और बालियों चट कर रहे हैं । इन पर कोई भी दवाई का छिड़काव बेसर साबित हो रहा है।